# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 23 अप्रैल 2026



# आज हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे के साथ निकलेगी भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा

## हर्ष और उल्लास से कायस्थ समाज मनाएगा भगवान का प्रकटोत्सव, भक्ति और उत्सव का अद्‍भुत संगम नजर आएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गंगा सप्तमी के दिन सम्पूर्ण जगत का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रांश समाज के आराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त का प्रकट उत्सव मनाएगा।

इस मंगल अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, मध्य प्रदेश युवा कायस्थ संगठन, चित्रगुप्त समाज भोपाल, कायस्थ संसद भोपाल, इरावती चित्रगुप्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक न्यास कोटरा, चित्रगुप्त कल्याण मंडल 1100 क्वार्टर, कायस्थ मंडल नगरीय क्षेत्र होशंगाबाद रोड, कायस्थ वेलफेयर सोसाइटी भेल, राजा किशनराम पार्वती बाई ट्रस्ट नेवरी, जिला चित्रगुप्त संगठन कोटरा, कायस्थ कुलम जनकल्याण एवं सामाजिक समिति संस्था, सार्वदेशिक कायस्थ युवा प्रतिनिधि संस्था सहित अनेक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में कायस्थ समाज के आराध्यदेव चित्रगुप्त जी की भव्य शोभा यात्रा शाम 5 बजे जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर से निकाली जाएगी जो रंगमहल होकर रोशनपुरा तक जाएगी एवं इसी रास्ते से वापस भी आएगी। इस विशाल शोभा यात्रा का नेतृत्व मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद आलोक संजर, राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव प्रवीण सक्सेना शामिल होंगे। इस शोभा यात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजा के साथ महिला पुरुष पैदल चलेंगे, जिसमें भोपाल के सभी 22 कायस्थ संगठनों के पदाधिकारियों के साथ विशाल संख्या में चित्रांश बंधु भी उपस्थित रहेंगे।



कायस्थम द्वारा 23 अप्रैल को श्री चित्रगुप्त के प्राकट्योत्सव के लिए प्रोफेसर कालोनी स्थित चित्रगुप्त मंदिर की फूलों से आकर्षक साज सज्जा की गई है।

### जगह-जगह होगा स्वागत

आयोजन समिति के अनुसार इस बार शोभायात्रा को और अधिक भव्य बनाने के लिए विशेष लाइटिंग, साउंड और सांस्कृतिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यात्रा में भजन-कीर्तन गेट हुए टोलियां चलेंगी। रास्ते में जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत होगा। कार्यक्रम में भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जहां भजन-कीर्तन, गीत-संगीत के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा और अंत में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भगवान चित्रगुप्त जी किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे समाज के आराध्य हैं। इसलिए इस आयोजन में एवं शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होने का आग्रह अजय श्रीवास्तव नीलू, सुनील श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव (संयोजक), पंकज कुलश्रेष्ठ, सहित भोपाल के सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने किया।

### गायत्री परिवार का निर्मल गंगा जन अभियान आज

गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार का विशेष अभियान निर्मल गंगा जन अभियान (भागीरथी जलाभिषेक) के अंतर्गत जल स्वच्छता, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गुरुवार सुबह 8 से 9:30 बजे तक छोटी झील स्थित खटलापुरा घाट पर मां गंगा कलश का पूजन-अर्चन, जल शुद्धि एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया है। इस आयोजन में शहरभर के गायत्री परिवार के परिजन जुटेंगे स्वच्छता अभियान के साथ पूजा-अर्चना करेंगे।

### भंडारे के साथ चित्रांश गायक के होंगे भजन

## प्रकटोत्सव पर पूजन-हवन कर करेंगे विश्व को युद्ध की विभीषिका से बचाने की प्रार्थना

कायस्थम मध्यप्रदेश के सदस्य चित्रांश बंधु गुरुवार को भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर पूजन, हवन कर आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त से विश्व को युद्ध की विभीषिका से बचाने के लिए प्रार्थना करेंगे। कायस्थ संस्था प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में दोपहर तीन बजे से चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्योत्सव मनाएगा। पूजन, हवन, प्रसादी वितरण,महाआरती और भंडारे का आयोजन भी होगा। पूजन, हवन महाआरती के बाद इसी स्थान पर शाम चार बजे से भंडारा होगा, जो शाम सात बजे तक चलेगा। जहां भक्तगण प्रसादी ग्रहण करेंगे। कायस्थ समाज की प्रसिद्ध भजन गायिका कविता सक्सेना, रत्ना खरे, गायक राकेश रायजादा, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप रायजादा, एसके श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव आदि भगवान श्री चित्रगुप्त पर आधारित भजन की प्रस्तुति देंगे। भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव के अवसर पर प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर को फूलों से सजाया गया है।

## खबर संक्षेप

### ईओडब्ल्यू ने आठ कर्मचारियों पर दर्ज की एफआईआर

**भोपाल।** भोपाल। मध्य प्रदेश आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने मुरैना स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में करीब 23 लाख रुपए के गबन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जांच के बाद 8 बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। ईओडब्ल्यू को बैंक प्रबंधन की शिकायत के आधार पर यह मामला मिला था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वर्ष 2013 से 2016 के बीच शाखा में पदस्थ रहे हेड कैशियर महेंद्र सिंह बाजौरिया सहित अन्य कर्मचारियों ने मिलकर ग्राहकों के खातों से अवैध रूप से रकम निकाली। आरोपियों में गौरीशंकर राम, ऋचि तिवारी, इंद्रनाथ विश्वास, विकास शर्मा, विकास त्रिवेदी, विजय कुमार मेहता और सौरभ मिश्रा के नाम शामिल हैं।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित छह नंबर शिवाजी नगर झुग्गी में मंगलवार शाम युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मोनिका रैकवार पिता रामकिशन रैकवार (18) शिवाजी नगर झुग्गी, हबीबगंज में रहती थी। वह चार बहनों में तीसरे नंबर की थी। गत वर्ष उसने दसवीं की परीक्षा दी थी, लेकिन वह फेल हो गई। इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी। मोनिका के पिता रामकिशन रैकवार और मां बंगलों पर खाना बनाने जाते हैं। रामकिशन बड़ी दोनों बेटियों की शादी कर चुके है। वह छोटी बेटी को लेकर झाबुआ गए हुए है। घर में केवल मोनिका और मां थी। शाम को मां खाना बनाने बंगले पर चली गई। वहां से रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास लौटी तो मोनिका किचन में फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा लीथी।

### बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूटने वाले आरोपी पर दर्ज है 6 अपराध

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंगलवार सुबह पुलिसकर्मी की बुजुर्ग मां पर पत्थर से हमला कर कान के टॉप्स छीनकर ले जाने वाले बदमाश का सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। आरोपी मांगीलाल अहिरवार आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर शाहजहांनाबाद थाने में छह प्रकरण दर्ज है। मूलतः राजगढ़ का रहने वाला मांगीलाल भोपाल में जगह बदल बदलकर रह रहा था। पुलिस की अलग अलग टीम आरोपी की तलाश में जुटी है। हालांकि उसका कोई सुराग नहीं लगा है। इधर पत्थर लगने से घायल बुजुर्ग की हालत में सुधार है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद से वह डरी सहमी है। उल्लेखनीय है कि शैल कुमारी मिश्रा पति स्वर्गीय देवेंद्र मिश्रा (65) राजीव नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद में रहती हैं। वह गृहणी है, जबकि पति एसएएफ में पदस्थ थे। उनका निधन हो चुका है। उनकी जगह बेटे को अनुकंपा नियुक्ति मिली है।

### बीएमएचआरसी में सतत चिकित्सा शिक्षा एवं रोगी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# सिकल सेल उन्मूलन के साथ प्रभावितों के जीवन की गुणवत्ता सुधारना भी जरूरीः डॉ. मनीषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सिकल सेल उन्मूलन के साथ-साथ प्रभावित व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता सुधारना भी आवश्यक है।

यह उद्गार बुधवार को बीएमएचआरसी में पराग सागर फाउंडेशन के सहयोग से सिकल सेल बीमारी पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) एवं रोगी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित को संबोधित करते हुए बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक एवं रक्ताधान चिकित्सा विभाग की प्रमुख डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने बताया कि सही उपचार, नियमित दवाओं और संतुलित जीवनशैली के माध्यम से सिकल सेल से प्रभावित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकते हैं। एम्स भोपाल के विशेषज्ञ डॉ. गौरव ढींगरा ने सिकल सेल को एक आनुवंशिक बीमारी बताते हुए कहा कि समय पर जांच और उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस रोग के लक्षणों में थकान, सांस लेने में तकलीफ और शरीर में दर्द शामिल हैं, जो गंभीर स्थिति में जानलेवा भी हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इलाज में देरी होने पर ब्रेन स्ट्रोक, संक्रमण, अंगों को नुकसान जैसी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं।



डॉ. मनीषा श्रीवास्तव का सम्मान करते हुए।

### रक्तजनित बीमारियों की रोकथाम में काउंसलिंग की अहम भूमिकाः डॉ. रूबी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की उपसंचालक डॉ. रूबी खान ने कहा कि सिकल सेल जैसी रक्तजनित बीमारियों की रोकथाम में काउंसलिंग की अहम भूमिका है। उन्होंने सिकल सेल मित्र योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से आमजन को अपने स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यदि सिकल सेल से प्रभावित बच्चे को उसके वजन के अनुसार नियमित हाइड्रॉक्सीयूरिया दवा दी जाए, पर्याप्त पानी पिलाया जाए और संतुलित आहार दिया जाए, तो वह सामान्य बच्चों की तरह विकसित हो सकता है।

### आयुर्वेद छात्रों ने शारीरिक अंगों पर एनॉटॉमिकल डॉयग्राम उकेरे



सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के बीएएमएस छात्रों ने एनॉटामी विभाग के डॉ रितेश राठौर के मार्गदर्शन में शारीरिक अंगों के ऊपरी सतह पर सरफेस एनॉटामी के तहत एनॉटॉमिकल डॉयग्राम उकेरे। सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश पांडेय ने बताया कि आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों के लिए नया प्रायोग था। ऐसे प्रयोग से छात्रों को शारीरिक अंगों के ज्ञान के साथ ही एनॉटॉमिकल अध्ययन-अध्यापन में मदद मिलेगी।

### पेट और लिवर के इंफेक्शंस एवं नई तकनीकों पर होगी चर्चा

## राजधानी में जुटेंगे देशभर के विशेषज्ञ, 'संक्रमण' पर होगा मंथन

आज के समय में संक्रमण केवल एक सामान्य बीमारी नहीं रह गया है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती बन चुका है। अस्पतालों में होने वाले संक्रमण, एंटीबायोटिक दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग, बदलते बैक्टीरिया और नई वायरल बीमारियों ने इलाज को और जटिल बना दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राजधानी भोपाल में 25 और 26 अप्रैल को जहांनुमा पैलेस में भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा 11वां एनुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन की थीम संक्रमण को समझना और बेहतर उपचार की दिशा तय करना रखी गई है। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि संक्रमण के खिलाफ लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, सही जानकारी और सही समय पर उपचार से जीती जाती है। उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य मरीजों तक बेहतर इलाज पहुंचाने के लिए डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों से जोड़ना है। इसके साथ ही केस आधारित चर्चा, लाइव पैनल डिस्कशन, प्रश्नोत्तर सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान, सिम्पोजियम और क्लिनिकल अनुभव साझा किए जाएंगे। इससे युवा डॉक्टरों और मेडिकल विद्यार्थियों को वरिष्ठ विशेषज्ञों से सीधे सीखने का अवसर मिलेगा। कॉन्फ्रेंस के मीडिया प्रभारी डॉ. इंद्र कुमार चुघ ने बताया कि दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में देशभर के नामी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, जीआई सर्जन, फिजिशियन, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिशियन, इंटेंसिविस्ट और युवा डॉक्टर भाग लेंगे। इसमें दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, रायपुर, प्रयागराज, नागपुर, भुवनेश्वर, हैदराबाद, जोधपुर और विशाखापट्टनम सहित कई शहरों के विशेषज्ञ मौजूदगी दर्ज कराएंगे।






टीटी नगर में बैंड-बाजों के साथ निकली कलश यात्रा

## श्रीमद् भावगत कथा के श्रवण से मिलती है पापों से मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पारंपरिक वेश में बुधवार से आयोजक श्रीराधा रानी सरकार द्वारा टीटी नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के सामने श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा मैनिट चौराहा से प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं।

श्रीमद् भागवत कथा में मुकेश महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है।

### कथा के श्रवण से जीवन में सुधार

कथा वाचक मुकेश महाराज ने कहा कि सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था।

### संविदा कर्मचारियों में खुशी की लहर

## संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित बनाने का रास्ता हुआ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में 25-30 वर्षों से नियमित और स्थाई किए जाने का राह देख रहे विभिन्न विभागों और निगम मण्डलों, विश्वविद्यालयों में कार्य करने वाले दो लाख संविदा कर्मचारियों और तीन लाख आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए खुश की खबर आई है। बुधवार को मप्र उच्च न्यायलय जबलपुर के द्वारा सरकार को सिंगल बैंच के उस निर्णय पर स्टे देने से मना कर दिया, जिसमें नौ अप्रैल को उच्च न्यायलय के न्यायधीश ने निर्णय दिया था कि जिन संविदा कर्मचारियों को 10 वर्ष हो गए हैं उन्हें जिस प्रकार दैनिक वेतन भोगियों को विनियमित करने के लिए मप्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सात अक्टूबर 2016 को वर्गीकृत कर स्थाई कर्मी बनाया था और वेतनमान भत्ते दिए थे साथ में मंहगाई भत्ता तथा प्रतिवर्ष इन्क्रक्रमेंट दिए जाने का प्रावधान किया था। उसी प्रकार संविदा कर्मचारियों सात अक्टूबर 2016 की नीति का लाभ दिया जाए।

सिंगल बैंच के इस निर्णय के विरोध में राज्य सरकार के अधिवक्ता ने बुधवार को डबलबैच में स्थगन के लिए याचिका लगाई थी। उच्च न्यायलय की डबल बैच ने स्थगन देने से इंकार करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़े वर्ग का सवाल है इसलिए हम इस पर स्थगन नहीं देंगें आप सिंगल वैच में अपना पक्ष रखिए और निर्णय का पालन कीजिए। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने जबलपुर हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है। हम पिछले 25 से 30 वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे थे और शोषित हो रहे था। राठौर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अब संविदा कर्मचारियों के साथ न्याय करते हुए उच्च न्यायलय निर्णय का पालन कर जिन संविदा कर्मचारियों को दस वर्ष हो गए हैं उन्हें स्थाई कर्मचारी बनाएं।

### प्राचार्य डॉ. शालिनी ने विद्यार्थियों को जीवन में आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

## एसपीएम कॉलेजः नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम और सोमनाथ पर्व पर व्याख्यान माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकी डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम (द्वितीय चरण) तथा सोमनाथ पर्व व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। डॉ. मीनू चतुर्वेदी संयोजक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के निर्देशन में किए गए। प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने विद्यार्थियों को नवाचार करने, निर्भीक होकर अपने विचार व्यक्त करने तथा जीवन में आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।



### मंदिर केवल धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं थे

सोमनाथ पर्व व्याख्यान माला के अंतर्गत डॉ. वीपीएस गौर ने बताया कि भारत के प्राचीन मंदिर केवल धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं थे, बल्कि वे सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक एवं भौगोलिक एकता के प्रतीक थे।

### कार्यपालक निदेशक पीके उपाध्याय ने कहा- बढ़ेगा उत्पादन

## भेल में अपग्रेडेड सिस्टम और रिकन्डीशंड वर्टिकल बोरर मशीन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल के कार्यपालक निदेशक पीके उपाध्याय ने बुधवार को '2-एक्सिस सीएनसी वॉर्ड लेथ मशीन' के अपग्रेडेड सिस्टम और रिकन्डीशंड वर्टिकल बोरर मशीन का उद्घाटन करते हुए कहा कि केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्पादन क्षमताओं में वास्तविक उन्नयन का संकेत है।

इन मशीनों का इन-हाउस अपग्रेड होना खास मायने रखता है, क्योंकि इससे न केवल लागत में कमी आती है, बल्कि संस्थान की तकनीकी विशेषज्ञता भी मजबूत होती है। सीएनसी पीएलसी ड्राइव और मोटर सिस्टम के आधुनिकीकरण से मशीनों की सटीकता, स्पीड और विश्वसनीयता में सुधार होगा, जो भारी विद्युत उपकरण निर्माण जैसे जटिल कार्यों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस पहल का सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। इससे उत्पादकता बढ़ेगी और गुणवत्ता मानकों को और ऊंचा किया जा सकेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों, आशीष औरंगाबादकर, राजेश अग्रवाल और आकाश दानी मौजूद थे।



मसीन का उद्घाटन करते अधिकारी।

### महापौर ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

## शहर को जल्द मिलेगी 7 करोड़ से बन रहे नमोवन की सौगात बच्चों के लिए होगा प्ले जोन, फूड जोन, गुलाब गार्डन बनेगा

निगम के अधिकारियों से आकर्षक व डिजाइनर गमले लगाने, आकर्षक फाउंटेन लगाने और जल्द काम पूरा करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लोगों को जल्द ही 7 करोड़ रुपए की लागत से लालघाटी के समीप बन रहे नमोवन की सौगात मिलेगी। महापौर मालती राय ने बुधवार को निर्माणाधीन नमोवन के कार्यों का जायजा लिया और प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी हासिल की। उन्होंने बच्चों के लिए प्ले जोन बनाने, फूड जोन, गुलाब गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद निगम के अधिकारियों से आकर्षक व डिजाइनर गमले लगाने, आकर्षक फाउंटेन लगाने और जल्द काम पूरा करने को कहा। महापौर मालती राय बुधवार को सुबह करीब दस बजे नमोवन निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण करने पहुंची थीं।



### महापौर ने अधिकारियों को यह दिए निर्देश

महापौर मालती राय ने नमोवन में लगे वृक्षों की बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से कटाई-छटाई कराकर आकर्षक स्वरूप प्रदान करने, विद्युत मंडल के अधिकारियों से समन्वय कर हाईटेंशन लाइन व ट्रांसफार्मर आदि शिफ्ट कराने, नमोवन में पत्थरों एवं वृक्षों को व्यवस्थित करने और प्राकृतिक सौन्दर्य बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने आकर्षक फव्वारे लगाने, पेड़-पौधों एवं घास आदि की सिंचाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सेल्फी पाइंट, ओपन थियटर और योगा क्लब भी देखा

महापौर मालती राय ने सेल्फी पाइंट, ओपन थियटर, योगा क्लब आदि कार्यों का भी जायजा लिया और सभी कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए।

भोपाल
गुरुवार, 23 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -07
वर्ष : 13, अंक : 21
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 26

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

1 **भाजपा सख्त :** आईपीएस अफसर पर अमर्यादित टिप्पणी का मामला

# विधायक प्रीतम लोधी को दिया नोटिस प्रदेश अध्यक्ष ने 3 दिन में मांगा जवाब

- सेंट्रल आईपीएस एसोसिएशन भी नाराज
- नितिन नवीन ने इस मामले की रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नोटिस जारी किया है। खंडेलवाल ने प्रीतम लोधी से 3 दिन में अपना जवाब पेश करने को कहा है। प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश की थार गाड़ी से हुए एक्सीडेंट के बाद विधायक ने प्रशिक्षु आईपीएस अफसर पर टिप्पणी की थी। इसके बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा ▶▶ शेष पेज 4 पर


प्रीतम लोधी

### सेंट्रल का मिला साथ

वहीं, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी डॉ. आयुष जाखड़ को लेकर अमर्यादित बोल से सेंट्रल आईपीएस एसोसिएशन भी नाराज है। एसोसिएशन ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि आईपीएस एसोसिएशन, मध्य प्रदेश आईपीएस एसोसिएशन के साथ खड़ा ▶▶ शेष पेज 4 पर

2 **दल-बदल विवाद:** बीना विधायक निर्मला सप्रे की बढ़ीं मुश्किलें

# स्पीकर तोमर के सामने वे नहीं हुईं प्रस्तुत सिंघार ने कहा- खत्म की जाए विधायकी

- 29 अप्रैल को हाईकोर्ट में होनी है सुनवाई
- निर्मला सप्रे का कहना- वे कांग्रेस के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में दल-बदल को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। बीना से विधायक निर्मला सप्रे की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उनके खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। इस मामले में 29 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान निर्मला सप्रे ने भाजपा के मंच से समर्थन दिया था, जिसके बाद कांग्रेस ने इसे दल-बदल का मामला बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामला अब न्यायालय तक पहुंच चुका है। हाईकोर्ट ने सुनवाई से पहले विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात ▶▶ शेष पेज 4 पर


निर्मला सप्रे


केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद लगा भक्तों का तांता

सेना ने हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल

# केदारनाथ धाम के खुले कपाट, घाटी में गूंजा 'हर-हर महादेव'

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

चारधाम यात्रा के चौथे दिन बुधवार सुबह 8 बजे केदारनाथ धाम के कपाट विधिवत खोल दिए गए हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने और पूरा धाम 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। परंपरा के अनुसार सबसे पहले मंदिर के पूर्व द्वार को खोला गया और पूजा-अर्चना शुरू की। इस दौरान पिछले साल कपाट बंद करते समय ज्योतिर्लिंग पर लगाई गई भस्म को हटाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांटा गया। कपाट खुलने के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सीएम धामी ने की पीएम मोदी के नाम की पहली पूजा**

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड
महोली खेजड़ की प्राईम लोकेशन
में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल,
मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एमआई सीएसके
शाम 7.30 बजे से

मप्र बना ऐसा पहला राज्य ▶▶ मप्र के किसानों के हित में मोहन सरकार का बड़ा फैसला

# ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के भूअर्जन पर मिलेगा बाजार दर का '4 गुना' मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मप्र पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों को उनकी भूमि का अधिग्रहण करने पर चार गुना मुआवजा दिया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। मप्र में पहली बार 'मप्र भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015' के तहत कृषि भूमि के भूअर्जन पर गुणन कारक (मल्टीफिकेशन फैक्टर) को दोगुना करते हुए 2.0 कर दिया गया है। यानी अब अधिग्रहित कृषि भूमि का मुआवजा किसानों को दोगुना के स्थान पर बाजार दर से 4 गुना मिल सकेगा। यह निर्णय समूचे प्रदेश की ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर लागू होगा। कैबिनेट ने नगरीय सीमा में मुआवजा गुणन कारक को यथावत एक रखा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मुद्दे को लेकर बुधवार देर शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। उन्होंने किसानों के हित में लिए गए एक-एक फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि मप्र पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों को उनकी भूमि ▶▶ शेष पेज 4 पर



**कैबिनेट में वित्त विभाग की आपत्ति के बाद भी सीएम ने किसानों के हित में लिया फैसला**


कैबिनेट बैठक के दौरान सीएम के साथ मंत्रिगण

*कैबिनेट में सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के लिए 33 हजार 985 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी*

*सीएम ने कहा कि किसानों के मुद्दे पर वे समझौता नहीं कर सकते। किसानों का लाभ जहां होगा, सरकार वही कार्य करेगी*

### ऐसे किया गया फैसला

डॉ. यादव ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में एक कैबिनेट कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी की कई दौर की बैठकें हुईं। इसके लिए उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार समेत कुल 11 राज्यों के भूमि अधिग्रहण कानून का अध्ययन किया गया।

### सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण में आएगी गति

कैबिनेट की बैठक बुधवार को मंत्रालय में हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में भू अर्जन पर बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि पर किसानों को काफी अधिक राशि मिल सकेगी। जमीन देने वाले किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### कई संस्थाओं से चर्चा के बाद बनी रिपोर्ट

11 राज्यों के भूमि अधिग्रहण कानून का अध्ययन में पाया गया कि तीन राज्य उप्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ ऐसे राज्य हैं, जहां जमीनों का मुआवजा दोगुना देने का नियम है। कमेटी ने ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए 5-5 तरह के स्लैब का सुझाव दिया। लेकिन मुख्यमंत्री इससे सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा कि किसानों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कैबिनेट से पहले सीएम ने बुलाई थी बैठक

सीएम ने कैबिनेट से पहले अपने आवास पर सुबह 9.30 बजे वरिष्ठ अधिकारियों व मंत्रियों की बैठक बुला ली। उन्होंने एक बार फिर से प्रजेंटेशन देखा। इस दौरान वित्त विभाग ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे ग्रेडेड करने का सुझाव दिया। इसमें ट्राइबल व नॉन ट्राइबल ▶▶ शेष पेज 4 पर


मतदान सामग्री के साथ अपने बूथों के लिए रवाना होते मतदानकर्मी

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती

# बंगाल में पहले चरण का मतदान तमिलनाडु में भी फाइनल वोटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**बंगाल : 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान**
**तमिलनाडु 5.73 करोड़ मतदाता हिस्सा लेंगे**

पश्चिम बंगाल में आज पहले चरण का मतदान होगा। 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। वहीं, तमिलनाडु में लोकतंत्र के इस बड़े त्योहार में 5.73 करोड़ मतदाता हिस्सा लेंगे। इस चुनाव में राजनीतिक दलों और निर्दलीयों सहित कुल 4,618 उम्मीदवार मैदान में हैं। बंगाल में पहले चरण में 3.60 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं। बंगाल के पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तमिलनाडु में 1.47 लाख सुरक्षाकर्मियों की तैनाती


तमिलनाडु में लगभग 75,032 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 3,022 स्थानों पर स्थित 5,938 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हथियारबंद अर्धसैनिक बलों और तमिलनाडु विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान के दिन राज्य भर में पुलिस, अर्धसैनिक बल, ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी



## खबर संक्षेप

### धार में तेंदुए के हमले में 5 लोग घायल

**धार।** जिले के धामनोद वन परिक्षेत्र के ग्राम गुजरी डेहरिया में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेंदुआ अचानक बस्ती में घुस आया और लोगों पर हमला करने लगा। इस हमले में वन विभाग के अधिकारी सहित पांच लोग घायल हो गए। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



### भूख से बाघ शावक की गई जान, रिपोर्ट में खुलासा

**मंडला।** कान्हा टाइगर रिजर्व के सरही वन क्षेत्र में एक बाघ के नर शावक का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान यह दृश्य भी सामने आया, जहां मृत शावक के पास ही उसकी मां और बाकी शावक मौजूद रहे। पीएम रिपोर्ट में सामने आया कि शावक का पेट खाली था, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि कई दिनों से वह भूखा था।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं का केस हाईकोर्ट में

## गिरफ्तार वर्करों को 27 को कोर्ट में पेश करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट में कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े 3 कार्यकर्ताओं की कथित अवैध गिरफ्तारी का मामला गरमा गया है। चीफ जस्टिस की बेंच ने मामले को गंभीर मानते हुए नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने अब तीनों कार्यकर्ताओं को 27 अप्रैल 2026 को पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने भोपाल के पुलिस आयुक्त को ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ बिना एफआईआर अवैध तरीके से हिरासत में रखा

पटवारी सुसाइड केस में एक्शन

## रात भर चला धरना...नायब तहसीलदार सविता निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जिले के आलोट में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी के सुसाइड मामले में बढ़ते विरोध के बाद कलेक्टर मिशा सिंह ने नायब तहसीलदार सविता राठौर को निलंबित कर दिया है। मंगलवार रात से ही मृतक के परिजन और पटवारी संघ नायब तहसीलदार पर केस दर्ज करने की मांग को लेकर थाने में धरने पर बैठे थे। बुधवार सुबह ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ एफआईआर के आश्वासन पर माने परिजन

मिर्जापुर में तेज रफ्तार ट्रक का कहर

## टक्कर के बाद बोलेरो में आग, 11 लोगों की मौत



**यात्री बोलेरो से बाहर नहीं निकल पाए**

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

यूपी के मिर्जापुर जिले में बुधवार देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से बोलेरो, कार और एक कंटेनर को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर लगते ही बोलेरो में भीषण आग लग गई, जिससे उसमें सवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

मप्र में फिर खुलेंगे आरटीओ चेक पोस्ट


## मप्र हाईकोर्ट ने सरकार को 30 दिन में खोलने के दिए आदेश

राज्य सरकार ने 30 जून 2024 के बाद प्रदेशभर में आरटीओ चेक पोस्ट बंद कर दिए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया है। राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि 30 दिनों के भीतर सभी चेक पोस्ट शुरू करें।

भारी वाहनों की जांच और हादसे रोकने के लिए चेक पोस्ट जरूरी हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का अध्ययन करने के बाद विधि विशेषज्ञों की राय लेकर न्यायालय के आदेश के मुताबिक आगे की कार्रवाई कराई जाएगी। मप्र ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहा कि अभी 30 दिन का समय है। हम ऊपरी कोर्ट का रुख करेंगे। इस फैसले को चुनौती देंगे। एसोसिएशन कोर्ट में सौरभ शर्मा से जुड़े मामले का हवाला देगी। उन्होंने कहा कि पहले ही केंद्र स्तर पर चेक पोस्ट हटाने की दिशा में कदम उठाए जा चुके हैं, ऐसे में इन्हें फिर से शुरू करना तर्कसंगत नहीं है। राज्य सरकार पहले ही आदेश दे चुकी है कि ओवरलोडिंग की जांच टोल प्लाजा पर की जाएगी। ऐसे में अब चेक पोस्ट दोबारा शुरू करने का औचित्य समझ से परे है। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी



प्रदेश में तीन सड़क हादसों में 5 की गई जान

## सतना में डिवाइडर तोड़कर नहर में गिरा ट्रक, 3 की मौत, कटर से काटकर निकाले जा सके शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-39 पर नेमुआ मोड़ के पास बुधवार सुबह सरिया लदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए नहर में गिर गया। हादसे में चालक, क्लीनर और एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन और कटर मशीन की मदद से 4 घंटे चले रेस्क्यू ▶▶ शेष पेज 4 पर



### बड़वानी में ट्रेलर से टकराया ट्रक, 2 की मौत

**इंदौर।** बड़वानी जिले के सेंधवा से करीब 15 किलोमीटर दूर बिजासन घाट में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने दो जिंदगियां लील लीं। घाट पर उतरते ट्रेलर को पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक का केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार चालक व सहचालक बुरी तरह फंस गए। इस हादसे में चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बिजासन पुलिस चौकी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खरगोन में बेकाबू होकर मकान में जा घुसी बस



जिले के कसरावद थाना क्षेत्र के ओझरा गांव में अचानक ब्रेक फेल होने से एक निजी यात्री बस बेकाबू होकर सड़क किनारे बने मकान में जा घुसी। हादसे के समय घर के भीतर भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

पाकिस्तान का कहना मानकर डोनाल्ड ट्रंप ने मियाद बढ़ाई

फिलहाल, युद्ध का खतरा टला

## ईरान-अमेरिका के बीच सीजफायर बढ़ा लेकिन होर्मुज में गोलीबारी से बढ़ी टेंशन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

पाकिस्तान के कहने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम आगे बढ़ाने का ऐलान किया है। सीजफायर की मियाद बुधवार को खत्म हो गई थी। सीजफायर कितने दिन का है? इसकी तारीख का कोई ऐलान नहीं किया गया है। ट्रंप का कहना है कि पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर और पीएम शहबाज शरीफ ने मुझसे सीजफायर बढ़ाने का अनुरोध किया था। हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर तब तक हमले न करें, जब तक कि उनके नेता और प्रतिनिधि एकमत से कोई प्रस्ताव लेकर नहीं आ जाते हैं। माना जा रहा है कि मध्यस्थ पाकिस्तान को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का नया दौर आयोजित ▶▶ शेष पेज 4 पर


डोनाल्ड ट्रंप

*ईरान ने कहा कि अमेरिका से बातचीत के दौरान हमारा हाथ ट्रिगर पर होगा*

*ट्रंप ने कहा कि पाक के कहने पर हम ईरान के प्रस्ताव का कर रहे हैं इंतजार*


फाइल फोटो

### गुजरात आ रहे जहाज पर भी की गोलीबारी

आईआरजीसी ने तीन जहाजों को फिर निशाना बनाया। उनमें से एक जहाज तो गुजरात आ रहा था। ईरानी सेना ने पहले एक कंटेनर जहाज पर गोलियां चलाईं और उसके कुछ ही देर बाद दूसरे जहाज को निशाना बनाया। ईरान सेना ने कहा इन जहाजों ने सेना की चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, इसलिए उन पर कानूनी रूप से कार्रवाई की गई। पकड़े गए जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांसिस्का और एपामिनोड्स के रूप में हुई है, जिन्हें ईरानी सेना अपने साथ ले गई है। कुछ देर बाद एक तीसरे जहाज यूफोरिया पर भी हमला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर ईरानी पक्ष से संवाद बना हुआ है।

# एक सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन को सशक्त बनाने का मूल आधारः शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा का संगठन इस विश्वास पर आधारित है कि एक सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी की सशक्ति का मूल आधार है। प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से हम प्रत्येक जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं को नए सिरे से प्रशिक्षित करेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को न केवल पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएगा, बल्कि उन्हें संगठन के कार्यों और नीतियों के प्रति भी और अधिक जागरूक बनाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्षम और योग्य बनाना हमारे प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य है।

यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। इंदौर में बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के लिए पश्चिम मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गोवा, दमन-दीव एवं मुंबई) के वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला को उन्होंने संबोधित किया।

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने इंदौर में कार्यशाला में दिए वक्तव्य



वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी।

### कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता को उभारने का प्रयास

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों से कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता को भी उभारने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी के संगठनात्मक लक्ष्यों को प्रभावी तरीके से लागू कर सकें। कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने संबोधित किया।

### भाजपा राष्ट्र प्रथम के भाव से जनता की सेवा के लिए कार्य करती हैः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा संगठन की कार्यपद्धति और कार्यकर्ताओं के कार्य करने के तरीके की वजह से ही हमारी पार्टी को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाया है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए होता है। प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण में निखार आता है। प्रशिक्षण से कार्यकर्ता में स्वयं का भी निखार आता है, जिससे पार्टी की कार्यपद्धति और विचारधारा को आगे बढ़ाना और आसान हो जाता है। भाजपा राष्ट्र प्रथम के भाव से जनता की सेवा के लिए कार्य करती है। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सत्ता केवल जनता की सेवा करने का माध्यम है। पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के साथ सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### प्रशिक्षण वर्ग पार्टी की कार्यपद्धति बताने का माध्यम : हेमंत

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हमारी पार्टी में प्रशिक्षण निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। प्रशिक्षण पार्टी के कार्यकर्ताओं को विचारधारा, नीतियों और संगठनात्मक कार्यों से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण महाभियान के पहले दौर में मध्यप्रदेश के 1313 मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी।*

### प्रशिक्षण वर्ग से सीखकर संगठन को मजबूती दें: डॉ. विनय

*भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि यह प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की कार्यशाला है। देश में पंजीकृत राजनीतिक दल दो हजार आठसौ से ज्यादा हैं। पंजीकृत दलों में विचारधारा के आधार पर कार्य करने वाले सिर्फ दो दल हैं। देश में लंबे समय से जो विचारधारा के आधार पर जो दल कार्य कर रहे, उनमें केवल हमारा ही दल है। जनसंघ के समय से लेकर आज तक 75 सालों में एक सुदृढ़ परंपरा है, जिसने अपना एक संगठन शास्त्र विकसित किया है।*

## खबर संक्षेप

### डे-एनयूएलएम कर्मियों पर फैसला अब लोकल बॉडी करेगी

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के तहत कार्यरत मानव संसाधनों को लेकर निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में अब यह स्पष्ट किया गया है कि संबंधित मानव संसाधनों की सेवा जारी रखने अथवा समाप्त करने का अंतिम निर्णय स्थानीय निकाय स्तर पर लिया जाएगा। निर्देशों में कहा गया है कि सभी नगर निगम आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने स्तर पर स्थिति का आंकलन कर जरूरी निर्णय ले सकते हैं।

### महापौर ने 11 नंबर क्षेत्र में रोड क्रास के लिए किया भूमिपूजन

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने बुधवार को 11 नंबर स्टॉप क्षेत्र में करीब 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे रोड क्रास के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगों की सुविधा को देखते हुए रोड क्रास का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पार्षद अरविंद वर्मा, पूर्व पार्षद संतोष हिरवे के अलावा भगवत रघुवंशी, पंकज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

### नरयावली को सीएम देंगे 63 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात आज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को सागर जिले की नरयावली विधानसभा को विकास की बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री 63.41 करोड़ रुपए की लागत वाले 75 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इसमें 41.20 करोड़ की लागत वाले 22 कार्यों का लोकार्पण और 22.21 करोड़ की लागत के 53 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री की ओर से सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोर्ड परीक्षा की प्रवीण्य सूची में स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी करेंगे।

### खराड़ी आत्महत्या केस में डोडियार ने की एसआईटी जांच की मांग

**भोपाल।** रतलाम जिले के आलोट क्षेत्र में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की है। डोडियार ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि मृतक पटवारी द्वारा आत्महत्या से पहले लिए गए पत्र और सामने आए तथ्यों से यह संकेत मिलता है कि आलोट में पदस्थ नायब तहसीलदार सविता राठौड़ द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि उन पर अनावश्यक कार्यों का दबाव बनाया गया, रिकॉर्ड में बदलाव के लिए बाध्य किया गया और व्यक्तिगत परेशान किया गया, जिससे वे मानसिक तनाव में आ गए थे। डोडियार ने सविता राठौड़ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की।

## मप्र में सिंचाई, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए हजारों करोड़ की स्वीकृति

# शासकीय मेडिकल कॉलेजों में परिजन आवास रैन बसेरा बनाने मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अडानी इंटरप्राइज देश भर में 100 रैन बसेरा का निर्माण कराने जा रही है। इसमें से तीन रैन बसेरा मप्र में बनेंगे। इन रैन बसेरो के बन जाने से अस्पतालों में आने वाले मरीजों के परिजनों को निः शुल्क रहने, खाने पीने से लेकर अन्य तरह की सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए मप्र कैबिनेट ने प्रदेश के चुने हुए मेडिकल कॉलेजों के परिसर में परोपकारी संस्थाओं के माध्यम से परिजन आवास स्थापित करने के लिए मंजूरी दी है। कैबिनेट से मिली मंजूरी के अनुसार यह संस्थाएं ऐसे परिजन विश्राम गृह (रैन बसेरा) की स्थापना अपने वित्तीय संसाधनों से करेगी। इसके लिए सरकार कोई कोई वित्तीय सहायता नहीं देगी। संस्था की ओर से सेवाओं के लिए लिया जाने वाला शुल्क का निर्धारण शासन की ओर से गठित समिति की ओर से किया जाएगा।

प्रस्तावित व्यवस्था से मरीज के परिजनों को बेहतर व्यवस्था कम दरों पर मिलेंगी और मानसिक रूप से वे बेहतर स्थिति में होंगे, जिसका सीधा-सीधा लाभ अस्पताल की व्यवस्था पर पड़ेगा और व्यवस्था सुचारु होगी। मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अस्पतालों में दूर-दूर से मरीज आते हैं। इनके साथ परिजन भी आते हैं। इनमें से कई परिजन अस्पताल परिसर से बाहर ठहरने की व्यवस्था के व्यय भार को उठाने में सक्षम नहीं होने के कारण अस्पताल परिसर में हो सो जाते हैं। इससे अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, साथ ही परिजनों को भी ठहरने को आरामदायक स्थान नहीं मिल पाता है। इसका अप्रत्यक्ष असर अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था तथा मरीज और अस्पताल स्टाफ के मध्य संव्यवहार पर भी पड़ता है, जिससे अस्पतालों के कार्य प्रभावित होते हैं।

**खास बातें**

- परिजनों को उत्तम व्यवस्था कम दरों पर मिलेंगी
- मप्र में अडानी इंटरप्राइज बनाएंगी तीन रैन बसेरे


कैबिनेट बैठक में उपस्थित सीएम और मंत्रीगण।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई निर्णय लिए

डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के बुनियादी ढांचे, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई, जिससे प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है।

### सबसे बड़ी स्वीकृति 25,164 करोड़ रुपए की दी

लोक निर्माण विभाग के तहत विकास कार्यों के लिए सबसे बड़ी स्वीकृति 25,164 करोड़ रुपए की दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, ग्रामीण मार्गों के उन्नयन, पुल निर्माण और सरकारी भवनों के रखरखाव जैसे कार्य शामिल हैं। यह कार्य 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रहेंगे, जिससे प्रदेश में कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना में बड़ा सुधार होगा।

### राज्य वित्त आयोगः 15 नए पद सृजित किए गए

छठवें राज्य वित्त आयोग के कार्यों के लिए 15 नए पद सृजित किए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए करीब 24 करोड़ रुपए की स्वीकृति देकर युवाओं को शासन-प्रशासन में भागीदारी का अवसर दिया है। इन फैसलों से प्रदेश में विकास को गति मिलेगी।

### 157 करोड़ 14 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी दी गई

सबसे पहले उज्जैन जिले की इन्दौख-रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को 157 करोड़ 14 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी दी गई। इस परियोजना से 10,800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी और झारड़ा तहसील के 35 गांवों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के तहत पुनर्वास के लिए विशेष पैकेज को बढ़ाकर लगभग 969 करोड़ रुपए कर दिया गया है। यह पैकेज पहले स्वीकृत 840 करोड़ 80 लाख रुपए से अधिक है। परियोजना के तहत चार बड़े बांध बनाए जाएंगे, जिससे छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों के करीब 1.90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और 628 गांव लाभान्वित होंगे। विस्थापितों के पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए यह पैकेज केन-बेतवा लिंक परियोजना के अनुरूप रखा है।

## मुख्यमंत्री ने प्रक्रिया की जानकारी ली

# द्वारका नगरी योजना से शहरी विकास को मिलेगी नई गति


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरीकरण की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने विशेष प्रबंध किए हैं। द्वारका नगरी योजना भी उसी दिशा में उठाया गया एक बढ़ा कदम है। द्वारका योजना शहरों के विकास की नई रुपरेखा लिखेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नियोजित और सु-व्यवस्थित विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय में द्वारका नगरी योजना के नियमों और प्रकिया के बारे में विभागीय प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के सभी नियमों एवं उपबंधों की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के क्रियान्वयन में समयबद्धता, पारदर्शिता और विकास-निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। योजना से नगरीय क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रदेश के नगरीय निकायों से प्राप्त किये जाने वाले प्रस्तावों में शहर की प्रमुख सड़कों का विकास एवं मरम्मत, शहर की समुचित साफ-सफाई, जन-सुविधा विकास-विस्तार से संबंधित कार्यों को तवज्जो दी जाए। साथ ही शहर में गौशाला निर्माण और मुक्तिधाम निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से शामिल किया जाए। योजना प्रस्तुतिकरण बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, वित्त सचिव लोकेश जाटव, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे उपस्थित थे।

# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने महंगाई भत्ते के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्मिकों को 1 जुलाई 2025 से सातवें वेतनमान के अंतर्गत 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है। उल्लेखनीय है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्मिकों को 1 जनवरी 2025 से सातवें वेतनमान में 55 प्रतिशत की दर महंगाई भत्ता दिया जा रहा था।

कार्मिकों को मंहगाई भत्ते में हुई वृद्धि का लाभ अप्रैल 2026 के वेतन के साथ दिया जाएगा। 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की एरियर राशि का भुगतान छह समान किश्तों में क्रमशः माह अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त व सितंबर 2026 के वेतन के साथ किया जाएगा। जो कार्मिक 01 जुलाई, 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में सेवानिवृत या मृत हो गए हैं, उन्हें या सदस्य को एरियर की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

### बिजली कार्मिकों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों को एक मई से मिलेगा कैशलेश इलाज

*ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग के मार्गदर्शन तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा के प्रयासों से कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए कैशलेस हेल्थ योजना लागू की गई है। इस योजना के बिजली कंपनी एवं मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस के बीच दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया बुधवार को प्रबंध संचालक कार्यालय में हुई। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग एवं मेडसेव के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय रिछारिया मौजूद थे।*

## महिला आरक्षण जल्द लागू करने की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, प्रदेशभर में आंदोलन की चेतावनी

# सड़क पर उतरी महिला कांग्रेस, सरकार के खिलाफ आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में भोपाल में महिला कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरीं और सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा रीना बोरासी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में महिलाओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण के नाम पर केवल झांसा दे रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 33% महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की मांग उठाई।

- आरोप: सरकार महिलाओं को कर रही भ्रमित



विरोध प्रदर्शन करती महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### महिला आरक्षण बिल के समर्थन में कांग्रेसः रीना

प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा कि पूरे प्रदेश में इस तरह के प्रदर्शन आयोजित हो रहे है। भ्राजपा पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए रीना बोरासी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के समर्थन में कांग्रेस है, और इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए। यह महिला आरक्षण के आड़ में परिसीमन लागू कर रहे थे। विरोध परिसीमन बिल का था। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मुद्दे पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस का बड़ा आंदोलन, 24 को राजधानी में पैदल मार्च

मप्र कांग्रेस कमेटी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। इसी कड़ी में 24 अप्रैल को राजधानी भोपाल में एक बड़ा शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला जाएगा। इस संबंध में पार्टी ने आधिकारिक पत्र जारी कर संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं और महिला नेताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। कांग्रेस की ओर से जारी पत्र के अनुसार वर्ष 2023 में संसद से पारित महिला आरक्षण विधेयक के बावजूद अब तक महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार से वंचित कर रही है और इस मुद्दे पर केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने कहा कि इस आंदोलन के तहत 24 अप्रैल को दोपहर 4 बजे पीर गेट स्थित काली मंदिर से रोशनपुरा चौराहा तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। पार्टी ने इसे जनआंदोलन का रूप देने की तैयारी की है। यह पत्र संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले ने जारी किया है।

**मुद्दे को जन आंदोलन का रूप देने की तैयारी**

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर बुलाई हाईलेवल रिव्यू मीटिंग

# हाईटेक सुरक्षा व मजबूत प्लानिंग से होगा भव्य आयोजन.... करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तैयारी

डीजीपी मकवाणा ने सुरक्षा-टेक्नोलॉजी पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सिंहस्थ-2028 (महाकुंभ) के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर उज्जैन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि सिंहस्थ केवल प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान का वैश्विक प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण, विभागीय समन्वय और जनसहयोग के जरिए इस आयोजन को ऐतिहासिक और सुरक्षित बनाया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक मकवाणा ने की। इस दौरान पुलिस सुरक्षा, साइबर प्रबंधन, तकनीकी नवाचार और प्रशिक्षण व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

### पुलिस ड्यूटी पोर्टल लॉन्च, साइबर सुरक्षा पर खास फोकस



बैठक के दौरान पुलिस ड्यूटी पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसे ईएचआरएमएस सिस्टम से जोड़ा गया है। इस पोर्टल के जरिए सिंहस्थ में ड्यूटी करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारी ऑनलाइन पंजीयन, सत्यापन और ड्यूटी आवंटन कर सकेंगे। एंपलाई आईडी के माध्यम से डेटा स्वतः प्राप्त होगा और पंजीकरण के बाद एसएमएस से पुष्टि भी मिलेगी। साथ ही सिंहस्थ साइबर सुरक्षा योजना का प्रस्तुतीकरण हुआ और साइबर सुरक्षा पोस्टर का अनावरण किया गया। इस योजना के तहत सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, फेक न्यूज पर नियंत्रण, साइबर फ्रॉड रोकथाम और श्रद्धालुओं के डिजिटल डेटा की सुरक्षा के लिए मजबूत तंत्र विकसित किया जाएगा।

### 21 दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू

उप पुलिस महानिरीक्षक नवनीत भसीन ने प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि 7, 14 और 21 दिन के विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। 21 दिवसीय मॉड्यूल का शुभारंभ भी इस बैठक में किया गया। इसमें भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, साइबर अपराध, वीआईपी सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट, घाट सुरक्षा और इंटीग्रेटेड कमांड सिस्टम जैसे अहम विषय शामिल हैं। इसके तहत चयनित अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा, जो अपने-अपने जिलों में अन्य पुलिस बल को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण को व्यवहारिक बनाने के लिए प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अनुभवों का भी अध्ययन किया जा रहा है।

## समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित होगी

# वित्तीय जागरूकता के लिए उप समूह का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने जनसामान्य से छलपूर्वक धन जुटाने वाली संस्थाओं, व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में वित्तीय क्षेत्र के नियामकों एवं विधि प्रवर्तन प्राधिकरणों के मध्य समन्वय करने के उद्देश्य से गठित राज्य स्तरीय समिति के प्रस्ताव के अनुसरण में राज्य में वित्तीय जागरूकता के प्रसार के लिए उप समूह का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह को अध्यक्ष बनाया गया है। अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान सदस्य होंगे।

उप-समूह में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से नामित अधिकारी को सदस्य सचिव, सन्वयक मनोनीत किया गया है। जनसामान्य में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता के लिए रणनीति, कार्ययोजना तैयार करना उप समूह का उद्देश्य होगा। उप समूह की बैठक अर्द्धवार्षिक आधार पर आयोजित की जाएगी।


स्थानः ज्योति चौराहा, एमपी नगर
समयः दोपहर 1.10 बजे

# चार दिन बाद भोपाल में चलेगी लू, पारा करेगा 44 डिग्री पार

- भोपाल में टपकने लगा लोगों का पसीना, एक दर्जन जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच, आज तीन जिलों में लू का येलो अलर्ट
- आज रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा में लू का असर रहेगा, भोपाल में भी गर्मी बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी का पारा बढ़ रहा है। तीन से चार दिन में कई जिलों में पारा 44 डिग्री को पार करने के साथ ही भोपाल में लू का असर शुरू हो सकता है। बुधवार को 11 जिलों में दिन का पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहने से भीषण गर्मी ने लोगों के हाल बेहाल कर दिए। भोपाल में पारा दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 40.6 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे गर्म रहे खजुराहो में तापमान 43.4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा में लू का असर रह सकता है।




## टीएल की बैठक में कमिश्नर ने की स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों पर चर्चा

# शहर के अंदरुनी इलाकों में देखें कहां गंदगी? कितनी सफाई?

### शिकायत पर वार्ड प्रभारी को अटैच किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने बुधवार को टीएल की बैठक में जोन और वार्ड स्तर पर बनाए गए नोडल अधिकारियों के कामकाज पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से दो टूक कहा कि ज्यादातर नोडल अधिकारियों द्वारा सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग नहीं की जा रही है। मेन सड़कों पर घूमने के बजाए अंदरुनी इलाकों में सफाई व्यवस्था देखना चाहिए। इसके लिए 106 अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन इनमें से 50 भी फील्ड में नहीं निकल रहे। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को शहर के अंदरुनी इलाकों की सफाई व्यवस्था देखने के निर्देश दिए।

टीएल की बैठक में ज्यादातर स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। वहीं वार्ड-75 के वार्ड प्रभारी को एक शिकायत पर जनगणना शाखा अटैच करने के निर्देश दिए। आईएसबीटी स्थित नगर निगम मुख्यालय में शाम 4 से 7 बजे तक हुई बैठक में निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने कहा कि सभी नोडल और सहायक नोडल अधिकारी सुबह 6 से 9 बजे शहर की सफाई व्यवस्था देखें। राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने वार्ड-75 के प्रभारी सुनील सूर्यवंशी को जनगणना शाखा अटैच करने के निर्देश दिए।

**जोन और वार्ड स्तर पर बनाए गए नोडल अधिकारियों के कामकाज पर नाराजगी जताई**

### जोन-6 की प्रभारी एएचओ और स्वचछता निरीक्षक को हटाया

नगर निगम के जोन 6 में ई-7 की सफाई व्यवस्था देखने निकले अपर आयुक्त हर्षित तिवारी से बहस करने वाली जोन-6 की महिला प्रभारी एएचओ भावना पटेरिया को कजलीखेडा ट्रांसफर स्टेशन भेजा गया है। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन के निरीक्षण के दौरान बाबा नगर ट्रांसफर स्टेशन पर पदस्थ स्वच्छता निरीक्षक शिवराज अहिरवार बिना बताए छुट्टी पर मिले इस पर उन्हें जनगणना शाखा अटैच किया गया है। यह आदेश बुधवार को निगम प्रशासन ने जारी कर दिए।

### बीना अग्रवाल को जोन 6 का प्रभारी एएचओ बनाया

निगम द्वारा जारी आदेश के अनुसार कजलीखेड़ा गारबेज सेंटर की प्रभारी बीना अग्रवाल को जोन-6 का प्रभारी एएचओ बनाया गया है।

### बिना सक्षम स्वीकृति के कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अवकाश न लें: आयुक्त

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने निर्देशित किया कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना सक्षम स्वीकृति के अवकाश न लें। उन्होंने जनगणना-2027 के प्रथम चरण में निगम के सभी कर्मचारी-अधिकारी के आनलाइन स्वगणना फार्म अनिवार्य रूप से भरवाने के लिए भी निर्देशित किया।

**संभाग कमिश्नर ने ली जिला जनगणना अधिकारियों की बैठक**

## जनगणना के लिए बनेगा कंट्रोल रूम हेल्प डेस्क से भी मिलेगी मदद

सोलह अप्रैल से स्व जनगणना का काम शुरु हो गया है। जबकि एक मई से प्रगणक घर-घर जाकर मकानों की गणना करेंगे। जिसको लेकर बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने जिला स्तर के अफसरों की बैठक रखी, जिसमें बताया गया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाने के साथ वार्ड और पंचायत स्तर पर हेल्प डेक्स भी बनाई जाएंगी। जहां आम लोग फोन कॉल पर जनगणना से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं। बैठक में डिजिटल जनगणना प्रक्रिया, डेटा की शुद्धता, कार्य प्रणाली और निगरानी के लिए वार्ड और जोन स्तर के कार्य की मॉनीटरिंग के बारे में जानकारी दी गई।

### निगम आयुक्त ने स्वयं भरा ऑनलाइन स्वगणना फार्म


निगम आयुक्त ने जनगणना-2027 के तहत ऑनलाइन स्वगणना फार्म खुद भरा और टीएल की बैठक में निर्देशित किया कि निगम के सभी कर्मचारी जनगणना-2027 के तहत आनलाइन स्वगणना फार्म भरें।

# भोपाल मेट्रो-दुर्गावती के बाद टीबीएम अहिल्या बाई को जमीन के नीचे 24 मीटर गहराई में उतारा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**प्रदेश में पहली बार इस तरह की दो टनल बोरिंग मशीनों का हो रहा उपयोग**

**टीबीएम दुर्गावती आठ मीटर तक बना चुकी है टनल, अब दूसरी से जल्द टनल बनाने का काम हो शुरू**

शहर में प्रदेश की पहली टवीन टनल एक साथ तैयार होगी। रेल्वे स्टेशन से पुल पातरा तक टीबीएम दुर्गावती जहां अब तक करीब आठ मीटर जमीन के नीचे खुदाई कर टनल बनाने का काम कर रही है तो वहीं उसी दिशा में टनल बनाने के लिए टीबीएम अहिल्या बाई को जमीन के 24 मीटर नीचे गहराई में उतारा गया है। यहां इसके तीनों पाट्र्स असेंबल करने का काम बीते कई दिनों से चल रहा था। मेट्रो प्रशासन के अनुसार जल्द ही टीबीएम टनल बनाने का काम शुरू करेगी। एक्सपर्ट और तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में उक्त टीबीएल को असंबेल करने और सुरक्षा के हर-एक पहलू पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार शहर की पहली 3.39 किलोमीटर लंबी टवीन टनल का निर्माण कार्य 30 मार्च से शुरू हुआ था। पहली टीबीएम से टनल बनाने के लिए खुदाई का काम चल रहा है। करीब 50 मीटर टनल बनने के बाद दूसरी टीबीएम को उसी दिशा में टनल बनाने का काम शुरू करेगी। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि पूरी तरह से मशीन के तैयार होने के बाद बूस्टिंग थ्रस्ट की प्रक्रिया की जाएगी। यह काम उत्तर भारत के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में किया जा रहा है। कंप्यूटर कंट्रोल सिस्टम और भू-तकनीकी इंजीनियरिंग की मदद से इस पूरे आपरेशन की बारीकी से मानिटरिंग की जा रही है।


टीबीएम अहिल्या की असेंबलिंग के बाद का दृश्य।

### नया कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिग्नलिंग सिस्टम पर चल रहा है काम

प्रायोरिटी कॉरिडोर में संचालित मेट्रो की स्पीड भी अब जल्द ही बढ जाएगी। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड नया कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिग्नलिंग सिस्टम लागू करेगा। इस सिस्टम पर काम चल रहा है। इसके शुरू होते ही एम्स से सुभाष नगर के बीच यात्रा 25 मिनट से घटकर करीब 16 मिनट रह जाएगा। इससे यात्रियों को समय की बचत होगी। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि सीबीटीसी सिस्टम मई तक पूरी तरह चालू होने की संभावना है। इसके बाद ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी भी बढ़ाई जाएगी, जिससे इंतजार का समय कम होगा।

## फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज और बाजारों में चली विशेष सफाई मुहिम



**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों को लेकर निगम के अधिकारी रोज सुबह 6 से 9 बजे तक अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर रहे हैं। बुधवार को भेल क्षेत्र के जेके रोड पर बने फुटपाथ, भारत नगर में सेंट्रल वर्ज, डिवाइडर पर धूल, पेड़ों की पत्तियां व अन्य वेस्ट मटेरियल हटाने सफाई मित्र जुटे रहे। सभी 85 वार्डों में सहायक नोडल अधिकारी क्षेत्रों के बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, तालाब, सुलभ काम्प्लेक्स, पार्किंग स्थल, गली-मोहल्लों में घूमे। हालांकि कई अधिकारी ऐसे भी हैं जो फील्ड में नहीं जा रहे हैं बल्कि संबंधित जोन के एएचओ से जानकारी लेकर ऐप पर अपलोड कर रहे हैं।

- मौके पर पहुंचे अधिकारी, लापरवाही मिली तो हुआ जुर्माना

### तीन हजार का स्पॉट फाइन किया

पुराने शहर के मारवाडी रोड पर वार्ड नंबर-20 में भवन निर्माण सामग्री मुख्य मार्ग पर मिलने पर जोन-4 के एएचओ शहाब खान, दरोगा व स्वास्थ्य अमले की टीम ने 3 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया।

## दोनों मामलों में कलेक्टर कोर्ट में चल रहा केस, एक केस न्यायालय में विचाराधीन

# तीन साल पहले फिनिक्स से पकड़े थे 108 गैस सिलेंडर, एफआईआर भी कराई दर्ज

### फरवरी-2025 में भी पकड़े गए 50 घरेलू गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य विभाग के रिटायर एएसओ बीपी शर्मा की फिनिक्स एचपीसीएल गैस एजेंसी में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां मिलने के बाद खाद्य विभाग ने इस एजेंसी का पुराना रिकार्ड भी खंगालना शुरू कर दिया है। जिसके तहत शर्मा ने खाद्य विभाग में सहायक आपूर्ति अधिकारी के पद पर रहते हुए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल और मयंक द्विवेदी से फिनिक्स एजेंसी और गोदाम की जांच कराई थी। जिसमें 108 सिलेंडर जब्त कर तत्कालीन डायरेक्टर अजय कार्कोनो के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद ही एजेंसी बीपी शर्मा के नाम ट्रांसफर की गई है। रिटायर एएसओ ने खाद्य विभाग में अपनी पकड़ होने का फायदा उठाकर एजेंसी की भागीदारी खुद और परिवार के नाम करा ली, जिसके बाद अगस्त-2024 में रिटायर होने के बाद एजेंसी में कालाबाजारी और उपभोक्ताओं के साथ ठगी का काम शुरु कर दिया।

### वाहन चालक के घर मिले 154 फिनिक्स के सिलेंडर

*फरवरी-2025 में सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक सत्यार्थी ने नरेला शंकरी क्षेत्र से फिनिक्स कंपनी से जुड़े वाहन चालक को दबोचा था। जिसके घर पर हुई जांच के बाद टीम ने यहां से 136 सिलेंडर जब्त कर कलेक्टर कोर्ट में केस पेश किया। वर्तमान में केस में सुनवाई की जा रही है।*

### कंपनी ने दो बार लगाई एमजीडी, तीसरी बार में होगी सस्पेंड

ऑइल कंपनियां उपभोक्ताओं को दिए जाने सिलेंडरों में गड़बड़ी करने पर एमजीडी (जुर्माना) लगाया जाता है। नियमों के हिसाब से जिस एजेंसी पर तीन बार जुर्माना लगाया जाता है, उसकी एजेंसी सस्पेंड कर दी जाती है। फिनिक्स पर कंपनी दो बार एमजीडी लगा चुकी है, ऐसे में तीसरी बार एमजीडी लगने से एजेंसी को सस्पेंड कर दिया जाएगा।

### संचालक पर एफआईआर की तैयारी

सिलेंडरों की किल्लत के बाद से अब तक खाद्य विभाग ने 17 एजेंसी सहित रिफलिंक के मामलों में केस दर्ज किए हैं। फिनिक्स एजेंसी में बड़े स्तर पर गड़बड़ी मिलने के बाद खाद्य विभाग ने एजेंसी के डायरेक्टर पर ईसी एक्ट के तहत एफआईआर का प्रतिवेदन पेश किया है। इसके साथ अन्य एजेंसी संचालकों पर भी सुनवाई के दौरान एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

### गैस एजेंसी के ट्रक में दो सौ सिलेंडर खाली, 50 मिले भरे


वीडियो वायरल होने के बाद पहुंची खाद्य की टीम

एयरपोर्ट रोड स्थित जहान्वी इंडेन गैस एजेंसी के एक ट्रक में सिलेंडर को लेकर वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें बताया गया है कि एजेंसी पर आने वाले ट्रक में भरे सिलेंडर होना चाहिए, लेकिन इस ट्रक में सिर्फ 50 सिलेंडर ही भरे थे, जबकि दो सौ खाली थे। सूचना के बाद पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने एजेंसी और गोदाम की जांच शुरू की है। हालांकि बुधवार को जांच पूरी नहीं हो सकी। जिसके बाद टीम दोबारा से एजेंसी जाकर जांच करेगी। सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर एजेंसी और गोदाम की जांच की जा रही है।

## सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

# हमीदिया अस्पताल के गार्ड की गुंडागर्दी, बुजुर्ग को डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में एक बार फिर गार्डों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। वाइरल वीडियो में दो गार्ड एक बुजुर्ग परिजन को डंडों से पीटते हुए नजर आ रहे है। मरीज के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में तैनात गार्ड आए-दिन मरीज के परिजनों के साथ मारपीट करते हैं। गार्डों की शिकायत भी कई बार अधिकारियों से की गई, लेकिन उनकी गुंडागर्दी बढ़ती जा रही है। वीडियो के वायरल होने के बाद हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुनीत टंडन ने कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले गार्ड को ड्यूटी से हटा दिया है।

वीडियो मंगलवार रात का बताया जा रहा है। हरिभूमि वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में दो गार्ड एक बुजुर्ग को डंडे से पीट रहे हैं। कोहेफिजा थाना प्रभारी कृष्णगोपाल शुक्ला का कहना है कि वीडियो की पड़ताल की जा रही है। अब तक किसी ने शिकायत नहीं की है।



### वीडियो अधूरा है...

एक व्यक्ति रात में शराब के नशे में गाली-गलौज कर अस्पताल परिसर में पत्थर फेंक रहा था। जब गार्ड ने उन्हें ऐसा करने मना किया तो वह उनसे गाली-गलौज करने लगा। वीडियो को सोशल मीडिया पर आधा-अधूरा डाला गया है। पूरे वीडियो में शराब के नशे में धुत व्यक्ति अस्पताल के गेट पर पत्थर मारते हुए दिख रहा है। वीडियो में मारपीट करते दिख रहे गार्डों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें ड्यूटी से हटा दिया गया है।

डॉ. सुनीत टंडन,
अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल

## किसानों की फसल वेरिफिकेशन में किया जा रहा सुधार, 111 किसानों का नहीं बिका गेहूं

# गेहूं बेचने वाले 32 सौ किसानों की सैटेलाइट इमेज में गड़बड़ी, स्लॉट बुकिंग अटकी

### सेटेलाइट इमेज में फसल के रकबे और फसल के प्रकार पर आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सहित राजधानी के किसानों की फसलों का पहली बार सैटेलाइट इमेज से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। जिसकी वजह से सैटेलाइट इमैज में कई किसानों का रकबा छोटा आने के साथ दूसरी फसल और खाली खेत का मैसेज शो कर रहा है। ऐसे में रजिस्ट्रेशन वाले किसान जैसे ही गेहूं बेचने के लिए स्लॉट बुक करते हैं, तो सैटेलाइट इमेज का वेरिफिकेशन कराने का मैसेज आता है। जिले में ऐसे करीब तीन हजार दो सौ किसान हैं, जिनके सैटेलाइट इमेज के रकबे में गड़बड़ी सामने आई है। खाद्य विभाग ने आनन फानन में इन किसानों का री वेरिफिकेशन करा लिया है, हालांकि 111 किसान ऐसे हैं, जो गेहूं बेचने के इंतजार में कलेक्टोरेट के चक्कर काट रहे हैं।

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान सेटेलाइट सर्वे के नाम पर गड़बड़ी हो रही है। जिन खेतों में किसानों ने गेहूं का पंजीयन कराया है, सेटेलाइट तस्वीरों के आधार पर उसमे अन्य फसल और खाली खेत बताकर गेहूं बिक्री का स्लॉट बुक नहीं हो रहा है। इधर, किसानों की फसल का रकबा भी गड़बड़ हो रहा है, जिससे किसानों के पूरे गेहूं बेचने में दिक्कत आ रही है।



### कम कीमत पर गेहूं बेचने की मजबूरी

मुगालिया हाट के किसान परमानंद भाटी ने बताया कि स्लॉट बुकिंग के दौरान उनके खेत में फसल का रकबा कम आया है, जिसमें तीन क्विंटल गेहूं बेचा जा सकता है, जबकि मेरे फसल से निकला गेहूं 25 क्विंटल है। किसान ने मामले की शिकायत एडीएम सुमित पांडे से की है।

### खाद्य विभाग ने कराया दोबारा से सत्यापन

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि सेटेलाइट रिपोर्ट में कमियां सामने आई हैं, जिन्हें सुधारने के लिए दोबारा से वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। अब तक करीब तीन हजार किसानों के खसरों का सत्यापन कर लिया गया है, जबकि शेष किसानों का कार्य जारी है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का लक्ष्य बढ़ाने भारत सरकार से चर्चा जारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत सरकार की ओर से रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के लिए 78 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्रदेश में गेहूं की अच्छी पैदावार को देखते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन लक्ष्य से अधिक होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार से गेहूं उपार्जन के लक्ष्य में वृद्धि करने के लिये चर्चा की गई है। इस संबंध में भारत सरकार से निरंतर संपर्क बनाए हुए है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 19.04 लाख किसानों की ओर से पंजीयन कराया गया जो कि विगत वर्ष से लगभग 3 लाख अधिक है। प्रदेश में 2 लाख 21 हजार 455 किसानों से 95 लाख 17 हजार 550 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 75 लाख 57 हजार 580 क्विंटल गेहूं का परिवहन किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले 1 लाख 6 हजार 55 किसानों को समर्थन मूल्य की राशि 1091.33 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है।

### बीयूः बीए एलएलबी के 9वें सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीए एलएलबी के 9वें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। बताया गया है कि इस परीक्षा में करीब 245 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 230 से अधिक विद्यार्थी पास हुए हैं। रिजल्ट 94 प्रतिशत से अधिक रहा है। इस परीक्षा का परिणाम विद्यार्थी बीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन के माध्यम से देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मास्टरकार्ड ने की अगले चरण की घोषणा

**नई दिल्ली।** मास्टरकार्ड ने भारत में अपनी मल्टी-सिटी कॉन्सर्ट सीरीज़ के अगले चरण की घोषणा की है। यह प्लेटफ़ॉर्म के एक नए और गतिशील प्रारूप के साथ इसके विकास को दर्शाता है, जो स्टैंड-अप कॉमेडी और लाइव संगीत को एक साथ लाता है। दर्शकों को मशहूर कलाकारों के करीब लाने के लिए पहचाने जाने वाले इस मंच के नए चरण में मनोरंजन जगत के कुछ सबसे बड़े भारतीय नाम शामिल हैं, जिनमें वीर दास, जाकिर खान और पापोन प्रमुख हैं।

### एक्सिस ट्रस्टी ने लांच किया प्रिज्म प्लेटफॉर्म

**मुंबई।** एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड (एटीएसएल) ने प्रिज्म नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लांच करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के साथ जुड़ाव को बेहतर बनाना और सेवाओं को अधिक सरल और तेज बनाना है। यह लॉन्च एक्सिस ट्रस्टी के फिनटेक आधारित ट्रस्टी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्लेटफॉर्म का औपचारिक शुभारंभ एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी और एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ राहुल चौधरी ने किया।

### 'गोदरेज प्रॉमिस' के साथ गुणवत्ता हुई और मजबूत

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एप्लायंसेज बिजनेस ने 'गोदरेज प्रॉमिस' की घोषणा की है। इस पहल के तहत कंपनी अपने उपकरणों के पूरे पोर्टफोलियो पर 5 साल की व्यापक वारंटी प्रदान करेगी, जिसमें कोई भी छिपा हुआ खर्च नहीं होगा। इस कदम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके उपकरण खरीद निर्णयों में अधिक भरोसा और आश्वस्तता प्रदान करना है। कंपनी ने अब 'गोदरेज प्रॉमिस' को अपने कई उत्पादों पर लागू कर दिया है। इनमें रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कूलर, माइक्रोवेव ओवन और डीप फ्रीजर शामिल हैं।

### स्प्राइट लेमन मिंट फ्लेवर का नया कैंपेन लांच

**नई दिल्ली।** स्टूडियोएक्स डब्लूपीपी ने एक नई कैंपेन फिल्म तैयार की है जिसमें सुनील ग्रोवर हैं। सुनील ब्रांड की 'ठंड रख' फिलॉसफी को पूरी तरह जीते हैं और उन रोजमर्रा के उन पलों को पकड़ते हैं जब हालात अचानक बिगड़ने लगते हैं और बस एक झटके में रिसेट की दरकार होती है। सुनील ग्रोवर ने कहाकि स्प्राइट लेमन मिंट उसी आइडिया को बिना किसी झंझट के सामने रखता है। कैंपेन में जो बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई वह यह है कि इसने उन असली, रोजमर्रा के पलों को कितनी खूबसूरती से पकड़ा है ।

### नेस्ले ने की डबल-डिजिट वॉल्यूम ग्रोथ

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और आर्थिक वर्ष के लिए आर्थिक परिणामों को मंजूरी दी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहाकि मुझे यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि इस तिमाही में नेस्ले इंडिया ने उच्च डबल-डिजिट वृद्धि दर्ज की और 6,445 करोड़ रुपये के साथ अपनी अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री हासिल की। यह प्रदर्शन डबल-डिजिट वॉल्यूम ग्रोथ से संभव हुआ।

### निवा बूपा ने लांच किया हेल्थ प्रोटेक्शन स्कोर

**गुरुग्राम।** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने अपने सालाना मुख्य इवेंट बेटर टुगेदर में यंग इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस रिपोर्ट इंडियाज हेल्थ प्रोटेक्शन स्कोर को पेश किया। यह इवेंट कंपनी के पार्टनर्स और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क से जुड़े लीडर्स का बड़ा जमावड़ा है। यंग इंडिया रिपोर्ट पर आधारित 35 प्लस शहरी और ग्रामीण केंद्रों के 2,400 प्लस उत्तरदाताओं के बीच किया गया था, जिसमें टियर 1, 2 और 3 शहरों के साथ गाँव भी शामिल हैं। यह युवा उपभोक्ताओं के बीच स्वास्थ्य बीमा के प्रति जागरूकता के एक बड़े अंतर को उजागर करता है।

## भारत में अवसरों की भरमार: सिंगापुर दौरे पर बोले केंद्रीय सचिव- लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक हब बनने की राह पर बंदरगाह

**सरकार ने 2030 तक 3,500 एमटीपीए, 2047 तक 10,000 एमटीपीए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के बंदरगाह अब सिर्फ कार्गो आवाजाही के केंद्र नहीं रह गए हैं, बल्कि तेजी से एकीकृत लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक हब में बदल रहे हैं। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव विजय कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने सिंगापुर समुद्री सप्ताह 2026 के दौरान आयोजित राउंड-टेबल बैठक में करीब 200 निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निरंतर और निर्णायक रूप से ऐसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का अहम हिस्सा बन सके, निवेश आकर्षित करे और दीर्घकालिक विकास बनाए रखे।

### भारत के बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हुई



उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 से अब तक भारत के बंदरगाहों की कार्गो हैंडलिंग क्षमता दोगुनी होकर 1,400 एमटीपीए से बढ़कर 2,771 मिलियन टन प्रति वर्ष हो गई है। सरकार ने 2030 तक इसे 3,500 एमटीपीए और 2047 तक 10,000 एमटीपीए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने 915 मिलियन टन से अधिक कार्गो संभाला, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। विजय कुमार ने कहा कि भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में भी बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में है। देश में राष्ट्रीय कंटेनर लाइन बनाई जा रही है, ऊर्जा बेड़े का विस्तार हो रहा है और गीफ्ट सीटी में जहाज वित्तपोषण योजना लागू की गई है।

### भारत ने 2047 तक दुनिया के शीर्ष 5 जहाज निर्माण देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखा

उन्होंने बताया कि अगले 15 वर्षों में लगभग 2.2 लाख करोड़ रुपए की लागत से 437 जहाजों की मांग को पूरा करने की योजना है। इसमें तेल और गैस कंपनियों भारतीय जहाजरानी निगम, ग्रीन टग्स और ड्रेजर्स की जरूरतें शामिल हैं। 34 जहाजों के लिए टेंडर पहले ही जारी किए जा चुके हैं। भारत ने 2047 तक दुनिया के शीर्ष 5 जहाज निर्माण देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है। इसी दिशा में सीएमए सीजीएम ने कोचीन शिपयार्डमें 6 ड्यूल-फ्यूल एलएनजी कंटेनर जहाजों का ऑर्डर दिया है, जबकि नॉर्वे की कंपनी रेड्डीएट स्टेनरसन ने स्वान एनर्जी के पीपावाव शिपयार्ड में 6 केमिकल टैंकरों का ऑर्डर दिया है।

**ट्रांसपोर्टर बोले - भ्रष्ट तंत्र पुनर्जीवित होने से अनावश्यक आर्थिक एवं मानसिक बोझ डालेगा**

## मप्र में बंद परिवहन चेकपोस्ट को पुनः खोलने के आदेश के बाद ट्रांसपोर्टरों में मची खलबली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में बंद परिवहन चेकपोस्ट को दोबारा खोलने के न्यायालय के आदेश (अप्रैल 2026) ने ट्रांसपोर्ट जगत में खलबली मचा दी है। इस व्यवस्था पर ट्रक ऑपरेटर्स और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनों ने गहरा रोष व्यक्त किया है, क्योंकि उनका मानना है कि इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के पुराने दौर की वापसी के रूप में देखा जा रहा है। जबलपुर हाईकोर्ट ने उन चेकपोस्टों को दोबारा स्थापित करने का आदेश दिया है, जिन्हें मध्य प्रदेश सरकार ने 1 जुलाई 2024 को भ्रष्टाचार रोकने के लिए बंद कर दिया था।

राज्य सरकार ने चेकपोस्ट बंद करने के बाद 45 चेक प्वॉइंट्स बनाए थे, जिन्हें लेकर भी लगातार शिकायतें आ रही थीं कि वे अवैध वसूली के केंद्र बन गए हैं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस, नई दिल्ली एवं आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन, सीएल मुकाती का मानना है कि कि इससे सीमा पर गाड़ियों की लंबी कतारें, देरी और ड्राइवरों का शोषण फिर से शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पारदर्शी व्यवस्था का वादा किया था और गुजरात मॉडल लागू करने की बात कही थी, लेकिन अब कोर्ट के हस्तक्षेप से यह व्यवस्था वापस पटरी से उतरने की संभावना है।




### इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद कपूर ने कहा कि मध्य प्रदेश में परिवहन विभाग के पूर्व में बंद किए गए चेकपोस्टों को पुन:30 दिनों के भीतर खोलने के आदेश से पूरे ट्रांसपोर्ट समुदाय में गहरा आक्रोश एवं चिंता व्याप्त है। यह न व्यवस्था न केवल पूर्व में किए गए सुधारात्मक प्रयासों को कमजोर करता है, बल्कि एक बार फिर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला प्रतीत होता है। पूर्व में इन चेकपोस्टों के माध्यम से खुलेआम करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार होता था। कई मामलों में अधिकारियों को रंगे हाथों पकड़ा गया तथा उनके कब्जे से करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति एवं नकदी बरामद हुई थी।

### व्यवस्था के खिलाफ ट्रांसपोर्टर करेंगे विरोध प्रदर्शन

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के हरीष डाबर ने कहाकि हमारी संस्था इस निर्णय का कड़ा विरोध करती है। यदि इस व्यवस्था को वापस नहीं लिया गया, तो देशभर के ट्रांसपोर्टर संगठित होकर व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। हम केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर के हितों, पारदर्शिता एवं सुशासन को ध्यान में रखते हुए इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले किसी भी कदम से बचा जाए।

**संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन अर्थशास्त्री ने दी चेतावनी**

## अमेरिका-ईरान युद्ध का असर: खरीफ फसलों और खाद की सप्लाई पर मंडराया संकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने भारत को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि खरीफ की फसल की बुवाई से पहले भारत में खाद्य महंगाई का खतरा बढ़ रहा है।

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव ने खाद की सप्लाई को प्रभावित किया है।भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खाद पर 18.6 अरब डॉलर की सब्सिडी दी है। इसके बावजूद खाद की उपलब्धता कम होने का डर है। भारत अपनी जरूरत की लगभग 35 प्रतिशत खाद खाड़ी देशों से मंगवाता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावट आने से यह सप्लाई रुक गई है। मैक्सिमो



टोरेरो ने बताया कि अगर यह संकट जारी रहा, तो भारत को आयात के लिए ज्यादा पैसे देने होंगे। इससे गेहूं, चावल और सब्जियों की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। भारत के घरेलू खाद कारखाने भी अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं। गैस की कमी की वजह से ये कारखाने केवल 60 प्रतिशत क्षमता पर चल रहे हैं। पंजाब में नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के प्लांट शुरू तो हुए हैं, लेकिन उनके सामने कई मुश्किलें हैं।

### *अगर खाद के व्यापार में रुकावट 60 दिनों से ज्यादा रही तो गंभीर परिणाम होंगे*

*भारत में मई से खरीफ फसलों की बुवाई शुरू होती है। साल 2026 में मानसून के सामान्य से कम रहने की 60 प्रतिशत संभावना है। अगर खाद के व्यापार में रुकावट 60 दिनों से ज्यादा रहती है, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। खाद महंगी होने से किसान इसका इस्तेमाल कम करेंगे, जिससे पैदावार घट जाएगी। इसका सबसे ज्यादा असर चावल, मक्का और गेहूं जैसी फसलों पर पड़ेगा।*

**एलन के कबीर छिल्लर को ऑल इंडिया रैंक-1**

## टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से, टॉप 100 में 42 स्टूडेंट्स और 21 स्टेट टॉपर्स एलन से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2026 की ऑल इंडिया रैंक व सेशन-2 का परिणाम जारी कर दिया गया। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि अभी तक देखे गए परिणामों में एलन क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में 4 स्थानों पर एलन क्लासरूम स्टूडेंट रहे हैं। इनमें अर्णव गौतम रैंक-5, शुभम कुमार रैंक-6 और ऋषि प्रेमनाथ ने आल इंडिया रैंक-8 प्राप्त की है। टॉप-20 में 9 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से तथा टॉप-100 में 42 स्टूडेंट्स एलन से शामिल हैं। इसके साथ ही 21 स्टेट टॉपर्स एलन से हैं।

उन्होंने कहा कि रिजल्ट्स की ऑथेंटिसिटी एवं पारदर्शिता को बरकरार रखते हुए एलन ने अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है। पिछले दो वर्षों के रिजल्ट्स में आईआईटी में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से है। जेईई-मेन 2026 में अब तक के सर्वाधिक 15 लाख 38 हजार 468 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। दोनों सेशन में मिलाकर 26 स्टूडेंट्स को 100 पर्सेन्टाइल घोषित किया गया। रिजल्ट में स्टेट वाइज टॉपर्स के साथ-साथ कैटेगिरी टॉपर्स की सूची भी जारी की गई है।



### जेईई-मेन 2026: फैकल्टीज की गाइडेंस फॉलो करना ही सक्सेस मंत्र : कबीर छिल्लर

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने जेईई मेन सेशन-1 में परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। सेशन-2 की परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परिवार मूलतः दिल्ली-एनसीआर गुरूग्राम से है। पिछले दो वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के रेगुलर क्लासरुम स्टूडेंट कबीर की यह उपलब्धि लगातार मेहनत, सटीक रणनीति और सेल्फ एनालिसिस का परिणाम है। कबीर के पिता मोहित छिल्लर आईआईटीयन हैं और वर्तमान में दिल्ली एनसीआर में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि मां प्रियंका छिल्लर प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। कबीर इससे पहले 10वीं कक्षा 98 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर चुके हैं।

### अनुशासन, रणनीति और फोकस, यही मेरी सक्सेस का फॉर्मूला : अर्णव

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट अर्णव गौतम ने ऑल इंडिया रैंक 05 हासिल की है। कोटा निवासी अर्णव पिछले छह वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट है। इससे पहले 10वीं कक्षा 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। अर्णव ने बताया कि एलन में नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड्स की तैयारी से अकेडमिक्स मजबूत हुई। वर्ष 2023 में जूनियर साइंस ओलंपियाड के ओसीएससी, 2024 में एस्ट्रो ओलंपियाड के ओसीएससी और 2025 में फिजिक्स ओलंपियाड के ओसीएससी में भाग लिया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने 300 में से 295 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 06 हासिल की है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने की 'बॉब सीनियर सिटीजन विशेष सम्मान बचत खाते' की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य लाभ और निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं की पेशकश करने वाले एक प्रीमियम बचत बैंक खाते 'बॉब सीनियर सिटीज़न विशेष सम्मान' के शुभारंभ की घोषणा की। यह खाता 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के ग्राहकों के लिए विशेष रुप से तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य उनके समग्र स्वास्थ्य एवं वित्तीय समृद्धि में वृद्धि करना है।

यह खाता दवाओं तथा बीमारियों की पहचान करने वाली सेवाओं पर छूट के साथ परिवार के अधिकतम छह सदस्यों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, ग्राहक हर महीने दो निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं जिससे आवश्यक बैंकिंग सेवाएं सीधे उनके घर तक पहुंचेंगी। इसके अतिरिक्त, इस ऑफ़र में रिवर्स मॉर्गेज ऋण के प्रोसेसिंग प्रभार में 50 फीसदी की छूट, लॉकर के किराए में रियायत और 'बॉब



भूमि रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड' भी शामिल है जो जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न प्रकार की विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराता है। डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहाकि बैंक ऑफ बड़ौदा को विशेष रूप से तैयार की गई पेशकशों के माध्यम से अपने वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों सेवाएं प्रदान करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। 'बॉब सीनियर सिटीज़न विशेष सम्मान' के साथ, हमने स्वास्थ्य से जुड़े फ़ायदे, डोरस्टेप बैंकिंग सुविधाएं तथा बैंकिंग एवं जीवनशैली से संबंधित कई लाभ एक साथ प्रदान करने वाली एक प्रीमियम पेशकश की है।

### जागरुकता के बाद भी रिटायरमेंट सुरक्षा को लेकर है गंभीर अंतर

**नई दिल्ली।** आज का युवा और कामकाजी वर्ग म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार, एसआईपी, इंश्योरेंस और टैक्स सेविंग जैसे विषयों पर अच्छी समझ रखता है, लेकिन जब बात रिटायरमेंट प्लानिंग की आती है तो बड़ी संख्या में लोग अब भी इसे टाल रहे हैं। यही कारण है कि देश में जागरूकता बढ़ने के बावजूद रिटायरमेंट सुरक्षा को लेकर गंभीर अंतर बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान खर्चों को प्राथमिकता देते हैं। नौकरी शुरू होते ही घर, वाहन, बच्चों की शिक्षा, लाइफस्टाइल और पारिवारिक जिम्मेदारियों में आय का बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। नतीजा यह होता है कि भविष्य के लिए बचत की योजना कागजों तक सीमित रह जाती है।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण प्रोफेसर्स की एआई आधारित सेफ्टी डिवाइस को मिला भारत सरकार का पेटेंट

**भोपाल।** राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दो फैकल्टी सदस्यों प्रो. अर्पित सक्सेना और डॉ. विवेक सोनी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनके नेतृत्व में विकसित एआई-आधारित कंस्ट्रक्शन साइट सेफ्टी मॉनिटरिंग डिवाइस को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पंजीकृत कर लिया गया है। पेटेंट विभाग द्वारा इस को 12 फरवरी 2026 को नंबर 490817-001 के तहत आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है। इस शोध कार्य में प्रो. सक्सेना और डॉ. सोनी का अहम योगदान रहा है। यह डिवाइस निर्माण स्थलों पर सुरक्षा निगरानी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग करती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने और कार्यस्थल की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रो. अर्पित सक्सेना और डॉ. विवेक सोनी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा एवं सम्मान पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी.के. लाहिरी, प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र सक्सेना तथा आरईसी के डायरेक्टर डॉ. अनुराग जैन भी उपस्थित रहे। राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहाकि हमारे संस्थान के शिक्षकों द्वारा किया गया । यह नवाचार न केवल अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि यह उद्योग और समाज के लिए उपयोगी समाधान भी प्रस्तुत करता है। राधारमण समूह हमेशा से शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, और यह उपलब्धि उसी दिशा में एक मजबूत कदम है।



### मप्र में आजीविका सृजन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को मजबूती दे रहा माइक्रो फाइनेंस

**भोपाल।** माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क और नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च द्वारा किए गए संयुक्त सर्वेक्षण के अनुसार मध्य प्रदेश में आजीविका सृजन और परिवारों की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने में माइक्रोफाइनेंस की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। राज्य में उधारकर्ता परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक व्यय 2,594 , खाद्य व्यय 1,053 और औसत मासिक बचत 2,637 दर्ज की गई है। यह औपचारिक वित्तीय प्रणालियों के साथ उनका लगातार जुड़ाव और अनुशासित वित्तीय व्यवहार को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि माइक्रोफाइनेंस घरेलू स्तर पर संचालित और आवाजाही से जुड़े उद्यमों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसकी पुष्टि परिसंपत्ति स्वामित्व के आँकड़े भी करते हैं । 87.8 फीसदी परिवारों के पास दोपहिया वाहन और 40.3% के पास सिलाई मशीन होने से, उधारकर्ता स्थानीय स्तर पर संचालित और अपनी क्षमता के अनुरूप विस्तार योग्य आय-सृजन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऋण का प्रभावी रूप से उपयोग कर रहे हैं। यह रिपोर्ट उधारकर्ता परिवारों में बचत व्यवहार को भी दर्शाती है, जिनकी औसत मासिक बचत 2,637 हैजो उनकी बढ़ती वित्तीय जागरूकता और आय, व्यय और ऋण का प्रभावी प्रबंधन की क्षमता उजागर करती है। एमएफआईएन के मुख्य कार्यकारी और निदेशक, डॉ. आलोक मिश्रा के अनुसार इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि लोग अब औपचारिक ऋण की ओर बढ़ रहे हैं, अनौपचारिक स्रोतों पर उनकी निर्भरता तेज़ी से कम हुई है और उधारकर्ताओं की स्थिति में सुधार हुआ है।

### मोटोरोला ने लांच किया मोटोरोला एज70 प्रो कीमत 36,999 रुपए

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने एज 70 सीरीज का फ्लैगशिप प्रो ग्रेड फोन मोटोरोला एज70 प्रो को भारत में लांच किया गया। स्मार्टफोन निर्माता की एज सीरीज का यह नया हैंडसेट तीन पैंटोन कलर में उपलब्ध है। मोटोरोला एज70 प्रो में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है, जिसमें सोनी एलवॉयटी-710 संसर वाला 50 मेगापिक्सल कैमरा है, साथ कंपनी ने इस फोन को लो-लाइट में फोटोग्राफी करने वालो के लिए बेस्ट बताया है। फोन में थर्मल मैनेजमेंट के लिए वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम दिया गया है, जिससे फोन ओवरहीट नहीं होता। इस डिवाइस में मोटो एआई के साथ एडवांस्ड सोनी-एलवॉयटी 710 कैमरा द्वारा संचालित ट्रिपल 50 एमपी प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम है। 29 अप्रैल 2026 से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इसकी प्रभावी लांच कीमत मात्र 36,999 रुपए से शुरू होगी।



### कोटक महिंद्रा बैंक ने किया तत्काल वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन का विस्तार

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा बैंक ने पायलट चरण में 9,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का वितरण करने के बाद कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए तत्काल वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन का विस्तार किया है। यह इस बात का संकेत है कि अल्पकालिक कर्ज तक तेज पहुंच अब कंपनियों की रोजमर्रा की फंडिंग जरूरतों को पूरा करने का तरीका बदलने लगी है। कोटक महिंद्रा बैंक की कॉर्पोरेट एंड ट्रांजैक्शन बैंकिंग की प्रेसिडेंट और हेड अनुज अग्रवाल ने कहाकि ग्राहक अब वर्किंग कैपिटल तब लेते हैं जब जरूरत पड़ती है, न कि बैंकिंग की समय-सीमाओं के हिसाब से योजना बनाकर। वर्किंग कैपिटल लोन कंपनियों द्वारा सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले बैंकिंग उत्पादों में से हैं जो इन्वेंटरी खरीदी, वेंडर भुगतान और वेतन वितरण जैसी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करते हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक / 1916/ न.पा./ निर्माण / 2026 — टीकमगढ, दिनांक 21/4/2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | दर | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_502067_1 22/04/2026 को शाम 05:00 बजे से | स्वच्छ सर्वेक्षण अन्तर्गत शहर में (02 नग) 3R सेंटर का निर्माण कार्य। | 3 माह 500000.00 | प्रति नग | 2000/- 5000/- | 09/05/2026 को सायं 05:30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र कं./एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

## चिंतन

# दवाओं को सुरक्षित और प्रभावी बनाना बेहद जरूरी

भारत में दवाओं की गुणवत्ता पर उठते सवाल अब सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं रहे, यह सीधे-सीधे जन-जीवन, भरोसे और अर्थव्यवस्था पर हमला है। बीमारी जब किसी व्यक्ति को जकड़ती है तो वह केवल शारीरिक पीड़ा नहीं देती, बल्कि पूरे घर से लेकर राष्ट्र तक की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। किसी भी व्यक्ति का बीमार होना घर पर बोझ बढ़ाता है। फिर यही बोझ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को परिलक्षित करता है। इसका दुःखद पहलू यह है कि भारत में बड़े पैमाने पर घटिया और नकली दवाएं बनाकर बेची जा रही हैं, जिनसे बीमार व्यक्ति ठीक होने की बजाय बीमारी में और फंस जाता है। यह समस्या एक व्यक्तिगत त्रासदी से बढ़कर राष्ट्रीय संकट तक बन जाती है। लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन घटिया और नकली (सबस्टैंडर्ड) दवाएं लगातार बाजार में उपलब्ध हैं। हाल ही की घटनाएं इस भयावह सच को उजागर करती हैं। गुरुग्राम में वजन घटाने वाले नकली मोंजारो इंजेक्शन की बरामदगी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवा में सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाना, कफ सिरप से बच्चों की मौत और कोरोना काल में नकली रेमडेसिविर की कालाबाजारी ये सब आईसोलेटेड घटनाएं नहीं, बल्कि एक संगठित और खतरनाक तंत्र की ओर इशारा करती हैं। यह तंत्र न केवल कानून को धता बता रहा है, बल्कि इंसान की जिंदगी को मुनाफे के तराजू पर तौल रहा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की हालिया जांच में 141 दवाओं के सैंपल फेल होना इस संकट की गंभीरता को और गहरा करता है। 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित की गई इन दवाओं में रोजमर्रा की बीमारियों से लेकर कैंसर और हृदय रोग तक की दवाएं शामिल हैं। साफ है कि खतरा हर घर तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ किसी एक राज्य या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ एक मकड़जाल है, जो नियामक व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस अवैध कारोबार में अब चिकित्सा तंत्र के भीतर के लोग भी शामिल पाए जा रहे हैं। दिल्ली में कैंसर की नकली दवाओं के गिरोह का भंडाफोड़ इस बात का प्रमाण है कि जब व्यवस्था के अंदर बैठे लोग ही भरोसे को तोड़ने लगें, तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। खाली शीशियों में सस्ती दवा भरकर लाखों में बेचना केवल आर्थिक अपराध नहीं, यह मानवता के खिलाफ अपराध है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नकली और घटिया दवाएं बाजार तक पहुंच कैसे रही हैं? जवाब है निगरानी तंत्र की कमी, कानून के क्रियान्वयन में ढिलाई और सजा का भय न होना। जब तक दोषियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक ऐसे गिरोह फलते-फूलते रहेंगे। वहीं, आम जनता को भी जागरूक बनाना होगा। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग की जांच करना और संदिग्ध दवाओं की सूचना देना, ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। यह जिम्मेदारी केवल नागरिकों पर डालकर सरकार अपने कर्तव्यों से मुक्त नहीं हो सकती। दवा सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। अगर इस क्षेत्र में भरोसा टूटता है, तो पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी। इसलिए अब आधे-अधूरे उपायों का समय बीत चुका है। जरूरत है दवाओं के प्रति सतर्कता, मजबूत निगरानी तंत्र, निर्णायक, कठोर और पारदर्शी कार्रवाई की, ताकि नकली दवाओं के इस काले कारोबार पर लगाम लगाई जा सके। तभी देश का हर नागरिक निश्चिंत होकर इलाज करा सकेगा और 'स्वास्थ्य' वास्तव में 'विश्वास' का पर्याय बन पाएगा।



मुद्दा
अम्बरीष प्रजापति

# लोकतंत्र की गरिमा-भाषाई मर्यादा का संकट

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर। कुछ दिन पहले कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरह से देश के सर्वोच्च पद पर आसीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'आतंकवादी' शब्द का प्रयोग किया, इससे पहले भी मौत का सौदागर, तानाशाह, नीच व बिच्छू जैसे विशेषणों का प्रयोग विपक्षी दलों द्वारा किया गया है, उसने न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि भाषाई मर्यादा के गहरे संकट को भी उजागर किया है। यह समस्या केवल एक पक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस दलदल में समान रूप से धंसे हुए नजर आते हैं, जहां तर्कों की जगह कुतर्कों और मुद्दों की जगह व्यक्तिगत लांछनों ने ले ली है।

किसी भी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के लिए 'आतंकवादी' जैसे शब्द का प्रयोग करना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक पद और जनमत का अपमान है जिसने उस व्यक्ति को चुना है। जब विपक्ष के बड़े नेता अपनी रैलियों में इस तरह की उग्र और अमर्यादित भाषा का सहारा लेते हैं, तो वे भूल जाते हैं कि वे समाज में वैमनस्य के बीज बो रहे हैं। आतंकवादी वह होता है जो निर्दोषों का लहू बहाता है और राज्य की संप्रभुता को चुनौती देता है। एक निर्वाचित प्रतिनिधि को, चाहे उसकी नीतियां कितनी भी विवादास्पद क्यों न हों, इस श्रेणी में खड़ा करना भाषाई दिवालियापन की पराकाष्ठा है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि राजनीति में अब विरोध का अर्थ केवल नीतिगत आलोचना नहीं रह गया है, बल्कि प्रतिद्वंद्वी का चरित्र हनन करना और उसे जनता की नजरों में एक अपराधी के रूप में पेश करना मुख्य उद्देश्य बन गया है। दुर्भाग्यवश, यह भाषाई गिरावट एकतरफा नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष के नेताओं की ओर से भी समय-समय पर विपक्ष के प्रति ऐसी टिप्पणियां की गई हैं जो किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार कर सकती हैं। सत्ता पक्ष के जिम्मेदार नेताओं द्वारा विपक्ष को देशद्रोही, विदेशी एजेंट, शहरी नक्सल, दीदी ओ दीदी, दीमक और आंदोलनजीवी कह देना भी उसी दूषित मानसिकता का हिस्सा है। जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों को शत्रु समझने लगते हैं, तो संवाद के दरवाजे बंद हो जाते हैं। भारतीय संसद और विधानसभाओं के भीतर से लेकर सोशल मीडिया के डिजिटल गलियारों तक, आज भाषा के जो अस्त्र इस्तेमाल हो रहे हैं, वे किसी भी लोकतांत्रिक मर्यादा की परिधि से बाहर हैं।

नेताओं के बीच शब्दों का चयन अब शालीनता की कसौटी पर नहीं, बल्कि इस बात पर तय होता है कि कौन सा शब्द अधिक से अधिक सुर्खियां बटोर सकता



है और समर्थकों की भीड़ को उत्तेजित कर सकता है। इतिहास साक्षी है कि भारत के राजनीतिक आकाश में अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सुषमा स्वराज, डॉ. भीमराव अंबेडकर और राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गज रहे हैं, जिनके बीच वैचारिक मतभेद हिमालय की तरह ऊंचे थे, लेकिन उनके शब्दों में एक गरिमा और मर्यादा होती थी। संसद व चुनावी सभाओं में तीखे प्रहार होते थे, लेकिन उन प्रहारों में भी एक साहित्यिक लालित्य और संसदीय शिष्टाचार होता था। आज के दौर में वह शिष्टाचार कहीं खो गया है। आज के नेताओं के लिए भाषा अब विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक हिंसक हथियार बन गई है। जब बड़े नेता मंच से नीच, नालायक या जहर की खेती जैसे शब्दों का उच्चारण करते हैं, तो वे अपनी युवा पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं? वे एक ऐसी संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं, जहां असहमति का उत्तर केवल गाली और अपमान से दिया जाता है। इस भाषाई संकट का सबसे नकारात्मक प्रभाव आम जनता और समाज की मानसिकता पर पड़ता है। राजनीतिज्ञ समाज के लिए रोल मॉडल होते हैं। जब वे सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं, तो समाज के निचले स्तरों पर भी वैसी ही कटुता और असहिष्णुता घर कर लेती है। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और हिंसक बहसें इसी भाषाई पतन का विस्तार हैं। राजनीति में हार-जीत तो चलती रहती है, लेकिन जो शब्द एक बार बोल दिए जाते हैं, वे समाज के मानस पटल पर स्थायी घाव छोड़ देते हैं। प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना या विपक्ष के नेता को अपमानजनक उपनामों से पुकारना, अंततः देश की लोकतांत्रिक परिपक्वता को विश्व पटल पर कमजोर करता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन संवैधानिक पद तथा संस्थाओं की गरिमा और भाषाई शुचिता का बना रहना जरूरी है। लोकतंत्र में आलोचना प्राणवायु की तरह है, लेकिन आलोचना का आधार तथ्य और तर्क होने चाहिए, न कि गालियां और व्यक्तिगत आक्षेप। यदि विपक्ष सरकार की नीतियों से असहमत है, तो उसे आंकड़ों और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। इसी प्रकार, सत्ता पक्ष को भी विपक्ष के अस्तित्व का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर देना चाहिए। जब तक राजनीति में प्रतिद्वंद्वी और शत्रु के बीच का अंतर स्पष्ट नहीं होगा, तब तक इस भाषाई संकट से मुक्ति मिलना असंभव है। अंततः, यह जिम्मेदारी केवल नेताओं की ही नहीं, बल्कि मतदाताओं की भी है। जब तक जनता अमर्यादित भाषा बोलने वाले नेताओं को पुरस्कृत करती रहेगी और उनकी रैलियों में तालियां बजाती रहेगी, तब तक राजनीतिक दल अपनी शैली बदलने के लिए प्रेरित नहीं होंगे।

हमें एक ऐसे राजनीतिक परिवेश की आवश्यकता है, जहां विचारों का संघर्ष हो, शब्दों का युद्ध नहीं। लोकतंत्र की गरिमा तभी सुरक्षित रह सकती है जब भाषा में शालीनता हो, व्यवहार में विनम्रता हो और विरोध में भी सम्मान का पुट हो। प्रधानमंत्री पद की गरिमा और विपक्ष की भूमिका, दोनों ही लोकतंत्र के दो पहिए हैं। यदि इनमें से किसी के प्रति भी भाषाई अनाचार होता है, तो वह पूरे लोकतंत्र के ढांचे को हिला देता है। सभी राजनीतिक दल एक साथ मिलकर एक आचार संहिता बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि चुनावी जीत की होड़ में वे अपनी सभ्यता और भाषाई विरासत को पीछे न छोड़ दें। लोकतंत्र को बचाने के लिए केवल संविधान की रक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस भाषा की रक्षा भी जरूरी है जो हम एक-दूसरे के प्रति प्रयोग करते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## यातायात

प्रमोद भार्गव



# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते राजमार्ग

निःसंदेह देश में अच्छे और चौड़े राजमार्ग उत्कृष्ट विकास के प्रतीक हैं। सड़कें मानव विकास की जीवन रेखाएं हैं। देश की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ सड़कों के निर्माण का जाल बिछ गया है। ग्रामों से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली सड़कें भी बड़ी संख्या में बनी हैं, लेकिन उसी अनुपात में वाहन तो बढ़े ही, उनकी रफ्तार भी बढ़ गई। नशे में भी लोग वाहन बेधड़क चलाने लग गए। अतएव उच्च तकनीक की सहायता से निर्मित किए गए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग उसी अनुपात में दुर्घटनाओं का कारण बनते चले जा रहे हैं। सीमेंट और कंक्रीट की बनी सड़कें दुर्घटनाओं को ज्यादा आमंत्रित कर रही हैं, क्योंकि इन सड़कों पर वाहन जितनी जल्दी रफ्तार पकड़ते हैं, उतनी जल्दी नियंत्रित नहीं होते हैं। ऐसे में ब्रेक लगाना वाहन पलटने का कारण बन जाता है। साफ है, सुविधाजनक चार और छह लाइन की सड़कें सुरक्षित सफर की कसौटी नहीं रह गई हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग केवल दो प्रतिशत हैं, किंतु सड़क हादसों में होने वाली मौतों की कुल संख्या में इनका प्रतिशत 30 है। इसकी चिंता करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के दिशा-निर्देश दिए है। देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ गई।

साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए, परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। सवाल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति रडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है।

इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर होटल और भोजनालयों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इनके सामने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं। इसी सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियंत्रक एजेंसियां इस स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें। वैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गष्त का प्रावधान है, लेकिन लापरवाही के चलते गष्तीदल दिखते ही नहीं हैं। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं, किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में जब से ट्रैक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी है। वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल, देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की जरूरत ही नहीं रह जाएगी? सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मुश्किल है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग : कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहा-जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूं। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूं। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला-यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### आखिर क्यों टूट रहे हैं छात्र

भारतीय तकनीकी शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थान, जिन्हें कभी 'सपनों की फैक्टरी' कहा जाता था, आज कई युवाओं के लिए मानसिक दबाव के कारखाने बनते जा रहे हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में महज़ दो महीनों के भीतर चार छात्रों की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल चार जिंदगियों का अंत नहीं, बल्कि एक ऐसे तंत्र की विफलता है जो प्रतिभा को तराशने के बजाय उसे तोड़ रहा है। फरवरी से अप्रैल 2026 के बीच हुई ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि एक खतरनाक सिलसिले का संकेत देती हैं, जहां एक घटना के बाद दूसरी घटना घटती चली जाती है, जैसे निराशा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल रही हो। सवाल यह है कि छात्र क्यों आत्महत्याएं कर रहे हैं।

*– विकास यशकीर्ति, भिवानी*

## ट्रेंड

### टीएमसी की सरकार गिरेगी



तृणमूल कांग्रेस ने पिछले 15 वर्षों में बंगाल को 50 साल पीछे धकेल दिया है। दशकों से युवाओं को रोजगार से वंचित रखा गया है, किसानों की उपज की कालाबाजारी की गई दमदम में उमड़ रहा उत्साह इस बात का संकेत दे रहा है कि जनविरोधी तृणमूल कांग्रेस की यह सरकार गिरने वाली है।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### कांग्रेस की मानसिकता



कांग्रेस पार्टी के लोग अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इन लोगों से कुछ भी कहना समय की बर्बादी है। और जब समय आएगा, तो कांग्रेस का आज जो हाल है, कल उनका हाल उससे भी बदतर होगा।

**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### ममता दीदी को समर्थन



ममता दीदी से मैंने उनके प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। वह एक बेहद कठिन लड़ाई लड़ रही हैं, जो लोकतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक है। मोदी जी हारेंगे, चाहे उन्होंने सभी संस्थानों का दुरुपयोग ही क्यों न किया हो।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### विनम्र श्रद्धांजलि



पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को बरसी पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। देश निर्दोष नागरिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और न ही क्षमा करेगा। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# पाक के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमान कंपनियों पर प्रतिबंध

पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) में कहा है कि 'सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।' यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 24 अप्रैल समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न तनाव के चलते पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था। हालांकि, पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पारदर्शी जांच की मांग की। इसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। पाकिस्तान ने भारत पर पहली बार इस तरह के प्रतिबंध लगाए।



## ऑफ बीट

# डिजिटल तकनीक प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रही

प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है – ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# बहन के घर कॉस्मेटिक सामान देने पहुंचे दंपती से मारपीट, सिर पर डंडा लगने से गंभीर

**छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विश्वकर्मा नगर का मामला, चार-पांच दिन पहले भी हुआ था विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विश्वकर्मा नगर में कॉस्मेटिक का सामान देने पहुंचे दंपती पर बहन के पति सहित परिवार के लोगों ने मारपीट करते हुए डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार दोपहर की है। डंडे से मारपीट में दंपती को गंभीर चोट आई है।

सिर में डंडा लगने से युवक की स्थिति गंभीर है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मंजू विश्वकर्मा पति दीपक विश्वकर्मा (30) नीलकंठ कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर में रहती है। उनके घर से कुछ दूरी पर विश्वकर्मा नगर में ही उनकी छोटी बहन अंजू पति मोहन कुशवाह रहती है। अंजु ने राकेश कुशवाह से प्रेम प्रसंग के बाद शादी की है। करीब चार पांच दिन पहले मंजू और अंजू के परिजनों में विवाद हुआ था। अंजु ब्यूटी पार्लर का संचालन करती है। मंगलवार दोपहर बहन मंजू पति दीपक के साथ अंजू के घर कॉस्मेटिक सामान लेकर पहुंची।



**अंजु ने राकेश कुशवाह से प्रेम प्रसंग के बाद शादी की, बहन के घर पहुंची थी पीड़िता**

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

उसने अंजु को सामन दिया और कहा कि तुम्हारे ससुराल पक्ष के द्वारा मेरे साथ चार दिन पहले मारपीट की गई और तुम उसी दिन से मुझसे बात नहीं कर रही हो। यह बात अंजु के पति उसकी बहन, मां और पिता ने सुन ली। वह भड़क गए। सभी लोगों ने मंजू और दीपक से गाली-गलौज शुरू कर दी। दंपती ने अंजू के पति सहित ससुराल पक्ष का विरोध किया और गाली देने से मना किया। इस पर अंजु के पति राकेश कुशवाह पिता मोहन कुशवाह सहित आशा और राजकुमारी कुशवाह दंपती से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में डंडे से हमला किया गया था। डंडा दीपक को सिर में लगा है, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मंजू विश्वकर्मा की शिकायत पर आरोपी राकेश कुशवाह पिता मोहन कुशवाह सहित आशा और राजकुमारी कुशवाह पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

## कमरे में खुद को बंद कर नव विवाहिता ने लगा ली फांसी

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित सनराइज कॉलोनी में बुधवार दोपहर नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने अपना कमरा अंदर से बंद कर लिया था।

पति ने उससे पूछा भी क्या कर रही हो। इस पर उसने कहा कि मैं ऊपर जा रही हूं पिता बुला रहे हैं। पति ने उसे ऐसा नहीं करने और 19 महीने के बच्चे के बारे में सोचने का कहा, लेकिन वह नहीं मानी और फांसी के फंदे पर झूल गई। गेट मजबूत होने के कारण पति पत्थर पटकता रहा और पत्नी ने अंदर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सब्बल से गेट तुड़वाकर शव बाहर निकाल पीएम के लिए भेज दिया है।

**पति ने 19 महीने के बेटे का किया जिक्र पर पत्नी बोली- मुझे पिता बुला रहे हैं, ऊपर जा रही हूं**

नेपाल से मायके पक्ष के आने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार अनीता सौंदकारकी पति कमलेश सौंदकारकी (24) मूलतः नेपाल की रहने वाली थी। तीन साल पहले ही अनीता और कमलेश ने शादी की थी। अनीता आसिमा मॉल में ब्यूटिशियन का काम करती थी। पति कमलेश होटल में कुक का काम करता है। उसकी ड्यूटी दोपहर से देर रात तक रहती है।

अनीता और कमलेश का 19 महीने का बच्चा है। बुधवार दोपहर दंपती घर में ही थे। करीब साढ़े तीन बजे कमलेश बाहर बने बाथरूम से अंदर आया। इसी दौरान अनीता कमरे में फांसी लगा रही थी। कमरा अंदर से बंद था। कमलेश खिड़की के पास पहुंचा और अनीता से कहा कि क्या कर रही हो।

### पत्थर से गेट तोड़ने का प्रयास

*पत्नी को फांसी लगाने से पहले कमलेश ने यह भी कहा था कि हमारा 19 महीने का बच्चा है उसका क्या होगा और मेरा क्या होगा, लेकिन वह नहीं मानी। उसने फांसी लगा ही ली। कमलेश ने पत्थर लाकर गेट तोड़ने का प्रयास किया। गेट मजबूत था और टूट नहीं सका। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंचती काफी देर हो चुकी थी। गेट को सब्बल से तुड़वाने के बाद पुलिस ने अनीता का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।*

## खबर संक्षेप



### सुलेखा चौहान ने संजीव नागर का किया सम्मान

**तामोट।** जनपद सदस्यों की जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान एवं रामपाल सिंह चौहान ने धाकड़ नागर समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष संजीव नागर तामोट का स्वागत किया। सुलेखा चौहान ने कहा कि श्री नागर धाकड़ समाज का सम्मेलन बड़ा अच्छा और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि संजीव नागर ने तामोट का नाम रोशन कर दिया है। सुलेखा चौहान ने संजीव नागर को इस सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया है।

### पार्षद राजेश खटीक ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** नेता प्रतिपक्ष और श्री राम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक ने नगर परिषद की सीएमओ किरण रहंगडाले को ज्ञापन देते हुए मांग की कि नगर परिषद की अध्यक्ष पति को नगर परिषद कार्यालय में शासकीय कर्मचारी तथा परिषद के दस्तावेजों का निरीक्षण करने से एवं नगर परिषद में आने से रोका जाए। पार्षद राजेश खटीक ने सीएमओ को बताया कि द्वारा नगर परिषद औबेदुल्लागंज में प्रतिदिन के हस्तक्षेप से आम जनता एवं कर्मचारी व निर्वाचित पार्षदों में आक्रोश है। यदि अध्यक्ष पति के द्वारा परिषद में किए जा रहे हस्तक्षेप को नहीं रोका गया तो नगर परिषद का घेराव किया जाएगा, जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। सीएमओ किरण रहंगडाले ने फोन पर बताया कि पार्षद राजेश खटीक ने मुझे ज्ञापन दिया है।



### तेज धूप में राहगीरों को पुलाव व शर्बत बांटा



**संतनगर।** युवा सेवा संघ एवं महिला उत्थान मंडल के सामूहिक तत्वाधान से गांधीनगर बस स्टैंड के पास हजारों राहगीरों को इस तेज धूप में शीतल (आयुर्वेदिक) पलाश का शर्बत और पुलाव का वितरण किया। मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी ने बताया कि संत आशाराम बापू के भक्तों ने इस गर्मी के मौसम में एक अनोखा अभियान छेड़ रखा है। बापूजी की प्रेरणा से पूरे भोपाल शहर में विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार की सेवाएं चल रही हैं। जिसमें, अयोध्या नगर, आईएसबीटी, चुनाभट्टी, बीएचईएल व अन्य कई स्थानों पर सेवाकार्य सम्पन्न हुए हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8394 | | |
| दिन: | 455 | 48 | 459 |
| रात: | 239 | 41 | 678 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 670 | 39 | 117 |
| रात: | 247 | 37 | 557 |

**मंडीदीप के सतलापुर स्थित मीनारायण मंदिर के पास हुई वारदात**

# पुरानी रंजिश के चलते चाकू से गोदकर युवक की हत्या, आरोपी चंद घंटों में ही गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र के सतलापुर में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। मीनारायण मंदिर के पास किराए के कमरे में रहने वाले युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, मृतक सुमित कुशवाह भागवत सिंह चौहान के मकान में किराए से रहता था। मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे आरोपी मुकेश कुमार गौड़ (33) ने सुमित पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। चाकू से कई बार हमला करने से सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने नरेश पंडित और मृतक की मां पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल सुमित को शासकीय अस्पताल मंडीदीप ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए औबेदुल्लागंज पुलिस अनुविभागीय अधिकारी शीला सुराना के निर्देशन में अलग-अलग टीमें गठित की गईं। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन और साइबर सेल की मदद से कार्रवाई करते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह मृतक के साथ काम करता था और अक्सर मजाक व चिढ़ाने को लेकर दोनों के बीच विवाद होता था। इसी रंजिश के चलते उसने हत्या की साजिश रची और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे दिया। ज्ञात हो कि पिछले छह साल में सबसे ज्यादा हत्याएं, बीते आठ माह में 7 हुईं है। सभी मामलों में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

***छह साल में सबसे ज्यादा हत्याएं बीते आठ माह में, 7 को उतारा मौत के घाट***

***अक्सर मजाक और चिढ़ाने को लेकर दोनों के बीच होता था विवाद***



पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी युवक।

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

*पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 109(1), 332(क), 296(बी), 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय गौहरगंज में पेश कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस की तेज कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस औबेदुल्लागंज शीला सुराना के नेतृत्व में थाना मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, नूरगंज, गौहरगंज और सतलापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने समन्वय बनाकर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया।*

### मर्डर की बढ़ती घटनाओं से सहमे लोग

नगर में आए दिन हो रहे मर्डर से नगर के रहवासी सहमे हुए हैं। आए दिन किसी न किसी विवाद को लेकर अब अपराधियों का हौसला बढ़ता जा रहा और पुलिस का खौफ कम हो गया है, जिससे नगर में आए दिन अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

### दो बाइक आपस में टकराई, युवक की मौत

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित जेल पहाड़ी रोड पर दो बाइक आपस में टकरा गई। इससे एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक चालक पर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार राजा यादव पिता नारायण यादव (30) शारदा मंदिर के पीछे वल्लभ नगर क्रमांक-1, अरेरा हिल्स में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 20 अप्रैल की रात वह जेल रोड पहाड़ी होते हुए अरेरा हिल्स की तरफ जा रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ।

### आरोपी पर है पहले से कई मामले दर्ज

सतलापुर में मंगलवार रात को हुई हत्या के आरोपी को सतलापुर पुलिस ने चंद घंटे में रायसेन रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश गिया गया। आरोपी पर पहले से लड़ाई-झगड़े के कई मामले रायसेन में दर्ज है।

**शीला सुराणा**, एसडीओपी, औबेदुल्लागंज।

**मॉर्निंग वॉक पर निकली थी महिला**

## स्वर्ण जयंती पार्क में बुजुर्ग महिला के गले से बदमाश ने झपटी चेन

***लौटते समय पैदल आए बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में बुधवार सुबह बदमाश ने रिटायर्ड बैंक अधिकारी की पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली। घटना के समय वह मॉर्निंग वॉक पर गई थी और लौटते समय पैदल आए बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर झपटमारी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शशि आचार्य पति नरेंद्र आचार्य (58) तनुजा इन्क्लेव, शाहपुरा में रहती हैं। बुधवार सुबह वह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए स्वर्ण जयंती पार्क गई थी। सुबह करीब दस बजे मॉर्निंग वॉक से लौटते समय एक अज्ञात बदमाश उनके पास पहुंचा और गले से चेन झपटकर फरार हो गया।



### अंदर नहीं है एक भी सीसीटीवी कैमरा

*पुलिस ने बताया कि वारदात स्वर्ण जयंती पार्क के अंदर हुई है। पार्क में सीसीटीवी कैमरे नहीं है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस झपटमारी की घटना करने वाले पुराने बदमाशों से पूछताछ करेगी। पुलिस उनसे भी पूछताछ करेगी, जो हाल ही में जेल से छूटकर आए हैं।*

### पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पटवा ने दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने पहलगाम के कायराना आतंकी हमले की बरसी पर आतंकियों की क्रूरता के शिकार हुए निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। ईश्वर शोकाकुल परिवारों को यह अपार कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें। पूरा देश उन दिवंगत आत्माओं की स्मृति में एकजुट है और आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारा संकल्प अटूट है।

**विश्व पृथ्वी दिवस पर चाणक्य पब्लिक स्कूल में हुए आयोजन**

## स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें पृथ्वी को सुरक्षित रखने एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता पाठ एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने ग्लोबल वार्मिंग, पोधरोपण और प्लास्टिक प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के संचालक सीएस सिंह ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने एवं प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



## विधानसभा में नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख 70 हजार ठगे

**भोपाल।** विधानसभा में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज मोनू उर्फ मानवेन्द्र तोमर ने बीए पास युवक विशाल यादव कोटरा सुल्तानाबाद, अरबाज एवं घनश्याम को 1 लाख 70 हजार रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने उन्हें आईडी कार्ड और फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिए। 21 अप्रेल को नौकरी ज्वाइन कराने की बात तय हुई थी। आईडी कार्ड और नियुक्ति पत्र लेकर विधानसभा पहुंचने पर पता चला कि वह फर्जी है। लिहाजा पीड़ितों ने श्यामला हिल्स पुलिस थाने में शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



## स्व-गणना के संबंध में बैठक आयोजित, दी जानकारी

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के पूर्व स्व-गणना के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी व चार्ज जनगणना अधिकारी किरण रहांगडाले द्वारा स्व-गणना के संबंध में विस्तृत चर्चा की एवं स्व-गणना किस प्रकार की जाती है, उसके प्रत्येक चरण का विस्तार से वर्णन किया गया। इस मौके पर नगर के पार्षद एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जनगणना के पूर्व ही नागरिकों द्वारा अपनी जानकारी स्वयं से ऑनलाइन वेबसाइट se.census.gov.in के माध्यम से पांच चरणों में पूर्ण की जा सकती है।

## सिग्नल पर ड्राइवर को गिराकर कार लेकर भागा युवक, पेचकस से दंपती पर हमला, पति-पत्नी ने धरदबोचा

**भोपाल।** इंदौर के एयरपोर्ट रोड स्थित सुपर कॉरिडोर पर मंगलवार शाम एक युवक ने सिग्नल पर रुकी टैक्सी के ड्राइवर को नीचे गिराकर वाहन कब्जे में ले लिया और उसमें बैठे बुजुर्ग दंपती पर हमला कर दिया। घायल होने के बावजूद दंपती ने साहस दिखाते हुए आरोपी का मुकाबला किया, जिससे आरोपी कार लेकर भाग नहीं सका और पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली से लौट रहे 66 वर्षीय रिटायर्ड बैंक अधिकारी अनिल शुक्ला पत्नी के साथ टैक्सी से घर जा रहे थे। एयरपोर्ट रोड के सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में सिग्नल पर वाहन रुकने के दौरान आरोपी अमन पाल अचानक टैक्सी में घुस गया। उसने पेचकस से हमला कर ड्राइवर को घायल कर नीचे गिरा दिया और खुद वाहन चलाने लगा। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दंपती को बंधक बनाकर उन पर लगातार वार किए। इस दौरान दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन विरोध करते रहे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर एक पोल से टकरा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर सुनकर आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

**ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार ने लगाया आरोप**

# औबेदुल्लागंज, दीवाटिया, नूरगंज के वेयरहाउस में रखा हजारों टन गेहूं सड़ा, बड़ी लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, किसान नेता हरजीत सिंह मंगूर, किसान ब्लॉक ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर, संतोष सेन, राजू मेहरा, उत्तम यादव, पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर ने बताया कि वेयरहाउस में सड़ा करोड़ों का गेहूं, सरकारी लापरवाही को उजागर करता है। औबेदुल्लागंज, दीवाटिया, नूरगंज से चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सरकारी लापरवाही के चलते हजारों टन गेहूं खराब हो गया।



वेयरहाउस में सड़ा गेहूं।

**मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग**

*एक ओर जहां जरूरतमंदों को खाद्यान्न की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इतनी बड़ी मात्रा में अनाज का बर्बाद होना प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस भारी नुकसान की जिम्मेदारी किसकी तय होगी और क्या दोषी अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होगी। फिलहाल इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग तेज हो गई है और लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।*

### रख-रखाव में खर्च हुए 150 करोड़

जानकारी के अनुसार करीब 35 करोड़ रुपए कीमत का गेहूं वेयरहाउस में सड़ गया, जबकि इसके रख-रखाव पर लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि यह गेहूं मूल रूप से औबेदुल्लागंज, दीवाटिया स्थित वेयरहाउस में रखा गया था। वर्ष 2022 में इसे वेयरहाउस में शिफ्ट किया गया, लेकिन इससे पहले करीब 9 साल तक बिना उचित प्रबंधन के पड़ा रहा। समय पर देखरेख और वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था के अभाव में गेहूं खराब हो गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार वेयरहाउस में रखे अनाज की नियमित जांच नहीं की गई और न ही उसे सुरक्षित रखने के लिए जरूरी इंतजाम किए गए। नमी, बारिश और खराब स्टोरेज सिस्टम के कारण पूरा स्टॉक सड़ गया। इस घटना ने सरकारी कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**भोपाल प्रवास के दौरान उद्योगपति छतलानी ने कहा**

## समय पूर्व जन्मे शिशुओं के रेटिना इलाज में ज्यादा सुदृढ़ता की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में समय से पूर्व जन्में शिशुओं के रेटिना की जांच और उपचार प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए बैंगलुरु के एक व्यवसायी और उद्योगपति मनोहर छतलानी ने सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है।

वे विगत आठ वर्षों से सेवा सदन को इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए मदद दे रहे हैं। मनोहर छतलानी बाल हृदय रोगियों के साथ ही समय पूर्व जन्में शिशुओं के रेटिना की जांच और उपचार कराने के कार्यों में एनजीओ अस्पतालों को सहयोग चलाते हैं।



### अस्पताल का किया अवलोकन

छतलानी अपने भोपाल प्रवास के दौरान बुधवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय आए और उन्होंने नवनिर्मित अस्पताल का अवलोकन किया। इस अवसर पर नारायणा अस्पताल, बैंगलुरु के वरिष्ठ आप्टोमेट्रिस्ट प्रवीण अइयम, सेसनेचि के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, आदि उपस्थित थे।

बंगाल के दमदम में चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने टीएमसी और कांग्रेस को ललकारा

# लोग किसी विधायक या पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाने के लिए मतदान करें, भाजपा राज्य को बनाएगी सुरक्षित-मजबूत

एजेंसी ▸▸ दमदम

पश्चिम बंगाल के दमदम में एक चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता से बड़ा आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी विधायक या पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाने के लिए मतदान करना चाहिए। शाह ने रैली में कहा कि वोट का उद्देश्य राज्य को सुरक्षित और मजबूत बनाना होना चाहिए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे फैसले लें जिससे बंगाल में अवैध घुसपैठ पर रोक लग सके। राहुल गांधी का नाम लेते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में जनता का समर्थन पूरी तरह भाजपा के पक्ष में है।

**जनता का समर्थन भाजपा के साथ**

## कांग्रेस को असम में मिलेगी सबसे बुरी हार दीदी की हालत भी कमजोर, वे बाहर होंगी



मंच पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह और प्रमुख नेतागण

### राहुल के असर से खरगे की भाषा बिगड़ गई

शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर तीखा हमला बोला, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। आतंकवाद को खत्म करने वाले को खरगे आतंकी कह रहे हैं। राहुल के साथ खरगे की भाषा भी बिगड़ गई है।



### तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस का नहीं खुलेगा खाता

शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में वे दो अंकों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएंगे बंगाल में तो शायद वे अपना खाता भी न खोल पाएं और असम में कांग्रेस की अब तक की सबसे बड़ी हार होने वाली है। ममता दीदी आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी और बिगड़ने वाली है।

**अनुराग ने ममता पर आरोपों की बौछार की**

## प्रधानमंत्री ने जेब से 10 रु. दिए तो पीड़ा क्यों? वे कटमनी, कमीशन भूल गईं...



पीएम मोदी के झालमुड़ी खाने पर सीएम ममता बेनर्जी के हमले पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार चुनकर आए हैं। वह एक छोटी दुकान पर झालमुड़ी खाने के लिए रुकते हैं, लोगों के साथ इस बात को साझा करते हैं, तो ममता कहती हैं प्रधानमंत्री की जेब में 10 रुपए कहां से आए? अरे ममता जी कट मनी, कट कमिशन खाने वालों ने लोगों की जेब में 10 रु.भी नहीं छोड़े?

### एनडीए की किसी राज्य में खाने पीने की रोक नहीं

मछली खाने पर आप की ओर से सवाल उठाए जाने पर ठाकुर ने कहा कि मैं 2000 से बंगाल आ रहा हूं। तब से मछली भात, रसगुल्ला, मिस्टी दही और संदेश खाता हूं, लेकिन आज संदेश देने का भी काम हो रहा है। 21 राज्यों एनडीए की सरकारें हैं। कहीं पर खाने-पीने पर कोई रोक नहीं है?

**पश्चिम बंगाल में बाइक बैन**

### ममता ने बनाया बड़ा चुनावी मुद्दा,हैरानी जताई



बंगाल के चुनाव वाले क्षेत्रों में बाइक के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग की सख्ती से सीएम ममता बेनर्जी ने हैरानी और गुस्सा जाहिर किया है ईसी ने 21 अप्रैल की शाम 6 बजे से मोटरबाइक की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

**स्टालिन की मतदाताओं से अंतिम अपील**

### डीएमके गठबंधन को समर्थन देने का आग्रह



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रचार के अंतिम दिन मतदाताओं से अपील की। उन्होंने लोगों से राज्य के अधिकारों, संस्कृति और विकास की रक्षा के लिए डीएमके-गठबंधन का समर्थन को कहा।

**विधानसभा चुनाव से पहले ईसीआई सख्त**

### ईवीएम से छेड़छाड़ होने पर पुनर्मतदान का आदेश गड़बड़ी सामने आने पर होगी कार्रवाई कड़ी



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु और बंगाल के चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। किसी भी उम्मीदवार के बटन को टेप, गोंद से ढंका नहीं जाना चाहिए। कोई रंग, स्याही, इत्र या अन्य रसायन नहीं लगाया जाना चाहिए। ईवीएम में छेड़छाड़ या हस्तक्षेप चुनावी अपराध है। ऐसे मामले में ईसी दोषियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करेगा। पूरे मतदान केंद्र पर फिर मतदान होगा।

**योगी की ममता को खरी-खरी**

## बंगाल की पहचान से नहीं कर पाएंगी खिलवाड़

बंगाल के लिए भाजपा के प्रचार अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जोरासांको में कहा कि कोलकाता के मेयर के बयान में उर्दू के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। बंगाल की पहचान काबा से नहीं, बल्कि मां कालीबाड़ी से जुड़ी रही है। बंगाल में अव्यवस्था है।



### बंगाल की धरती पर सिर्फ बांग्ला चलेगी, उर्दू नहीं

योगी बंगाल के नादिया में टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीएमसी के एक महापौर का दावा है कि वे बंगाल की आधी आबादी को उर्दू बोलने पर मजबूर कर देंगे। मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल की धरती पर केवल बांग्ला ही बोली जाएगी और बंगाली संस्कृति के माध्यम से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। योगी ने कहा कि उनकी एक सांसद कहती हैं कि उनके हृदय में काबा और आंखों में मदीना बसा है, जो अब नहीं रहेगा।

**कोलकाता में राहुल को रैली की परमिशन नहीं**

## कांग्रेस भड़की और कहा बंगाल ममता की निजी जागीर नहीं

**कोलकाता।** बंगाल में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रैली की परमिशन न मिलने पर अब कांग्रेस ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि बंगाल टीएमसी और ममता बेनर्जी की निजी जागीर नहीं हैं। राहुल के चुनावी दौरे की अनुमति न देना विशुद्ध रूप से राजनीतिक असुरक्षा है, जिसे प्रशासन का मुखौटा पहना दिया गया है। पार्टी ने कहा कि पुलिस ममता सरकार के इशारे पर काम कर रही है। संशोधित कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अनुमति का एक नया अनुरोध भेजा जाएगा।



### प्रधानमंत्री को आतंकी कहा, 24 घंटे में जवाब दें खरगे

**नई दिल्ली।** देश के चुनावी माहौल में कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ आतंकवादी वाली टिप्पणी ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। चुनाव आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खरगे से 24 घंटे में जवाब तलब किया है।

---

**खबर संक्षेप**

### पिकअप वैन पलटी, 3 बच्चों सहित 6 की मौत



**वलसाड।** गुजरात के वलसाड जिले के कपराडा तालुका में बुधवार शाम एक पिकअप वैन के पलट जाने से तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। वैन में करीब 30 लोग सवार थे। वे सभी गिरनार गांव के रहने वाले थे और एक शादी में शामिल होने जा रहे थे।

### आईआरएस अफसर की बेटी की हत्या



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित कैलाश हिल इलाके में बुधवार सुबह आईआरएस अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। पुलिस ने घरेलू सहायक पर मुख्य रूप से संदेह जताया जा रहा है, जो वारदात के बाद से फरार बताया जा रहा है।

### नीतीश का भरोसा, झा बने कार्यकारी अध्यक्ष



**पटना।** नीतीश कुमार की अगुवाई में जेडीयू ने नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान कर दिया है। नई टीम में संजय झा को एक बार फिर कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बार 12 नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव और 8 नेताओं को सचिव बनाया है। इससे जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत होगी।

### 30 की उम्र में एक्ट्रेस दिव्यांका की मौत



**चंडीगढ़।** हरियाणवी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से दुखद खबर है। एक्ट्रेस दिव्यांका सिरोही का 30 की उम्र में निधन हो गया है। बताय गया है कि गत 21 अप्रैल 2026 देर रात उत्तर प्रदेश स्थित एक्ट्रेस के घर पर उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा था। परिवार वाले अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

---

आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री पर की सख्त टिप्पणी

# ममता ने लोकतंत्र को खतरे में डालने सिस्टम का इस्तेमाल किया, जांच के बीच में क्यों घुसीं?

I-PAC

आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीएम ममता के खिलाफ कहा- यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया

**जस्टिस मिश्रा ने स्पष्ट किया कि यह केवल केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जो मुख्यमंत्री भी हैं और जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए पूरे सिस्टम का इस्तेमाल किया है। उल्लेखनीय है कि बंगाल में विधानसभा चुनाव भी चल रहे हैं और दो फेज में वोटिंग होनी है। इस साल की शुरुआत में जनवरी महीने में ईडी ने आई-पैक के कई ठिकानों पर छापे मारे थे। इस दौरान, खुद ममता आईपैक के को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर में रेड के समय घुस गई थीं और कुछ फाइलें लेकर आ गई थीं। तब यह बड़ा राजनैतिक मुद्दा बना था। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि बेनर्जी ने उस जगह से अहम सबूत हटा दिए। कोर्ट ने ममता के खिलाफ तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके कामों ने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री, किसी जांच के बीच में, किसी जगह पर इस तरह से नहीं घुस सकता।

*ममता की एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने इसे सुनवाई योग्य न होने का दावा किया*

*आईपैक ने कानूनी कारणों से बंगाल में सभी ऑपरेशन 20 दिनों के लिए रोक दिए*



### संविधान बनाने वाले इस काम को मंजूरी नहीं देते

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान बनाने वाले इस काम को मंजूरी नहीं देते। आपने हमें अंबेडकर के लेखों के बारे में बताया, किसी ने भी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि मुख्यमंत्री, जब कोई जांच चल रही हो, तो दफ्तर में चला जाएगा।

### राज्य सरकार ने याचिका पर ही सवाल उठा दिया

राज्य ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ईडी द्वारा दायर रिट याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया है। राज्य के अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने यह तर्क दिया कि यह मामला मूल रूप से राज्य और केंद्र के बीच का विवाद है और इसलिए अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर करने के बजाय भारत के संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत एक मुकदमा दायर किया जाना चाहिए।

### इसमें राज्य का कौन सा अधिकार शामिल?

**ममता ने सबूत हटाए**

इस तर्क से असहमति जताते हुए जस्टिस कुमार ने कहा कि इसमें राज्य का कौन-सा अधिकार शामिल है? यह राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद नहीं है। आप यूं ही बीच में दखल नहीं दे सकते। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री, किसी जांच या तफ्तीश के बीच में ही पहुंच जाता है और आप कहते हैं कि यह असल में राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद है?

### सीएम ममता ने रेड के बीच दखल दिया

आईपैक पर ईडी की रेड मामले में सीएम ममता के दखल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा है कि उन्होंने रेड के बीच दखल देकर सिस्टम को ही खतरे में डाल दिया है। कोर्ट ने कहा कि ये कोई केंद्र और राज्य का झगड़ा नहीं है। हमने कभी नहीं सोचा था कि देश में ऐसा दिन भी आएगा। ममता की तरफ से पेश वकील मेनका गुरुस्वामी ने राज्य और केंद्र के बीच के एक मामले का हवाला देते हुए कहा कि ईडी को सुप्रीम कोर्ट के सामने मौलिक अधिकार लागू करने की अर्जी दाखिल करने का अधिकार नहीं है, तो जस्टिस मिश्रा ने इस पर अपनी टिप्पणी की।

### दोष साबित करने वाले सारे सबूत छीन लिए

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि यह केंद्र और राज्य के बीच का मामला नहीं है। यहां राज्य का कौन सा अधिकार शामिल है? यहां एक ऐसा मामला है जहां एक व्यक्ति जो राज्य का सीएम है, जांच के बीच में एक जगह चला जाता है, जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है? आप इसे राज्य और केंद्र सरकार के बीच का झगड़ा नहीं कह सकते।

### ईडी ने तृणमूल के दो उम्मीदवारों को भेजा समन

प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने भी तटीएमसी के नेताओं के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। ईडी ने सुजीत बोस और रथिन घोष को 24 अप्रैल को उनके सामने पेश होने के लिए चौथा समन जारी किया है। सुजीत बंगाल विधानसभा चुनाव में बिधाननगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

---

गन्ने से जुड़ा पुराना कानून बदलेगा

## सरकार का नियामक ढांचे से बदलने का प्रस्ताव, मांगे सुझाव

केंद्र 1966 के गन्ना कानून में करेगी परिवर्तन



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 1966 के गन्ना नियंत्रण आदेश को एक व्यापक नए नियामक ढांचे से बदलने का प्रस्ताव किया है। इसमें पहली बार एथनॉल उत्पादन, डिजिटल अनुपालन और कारखानों की मंजूरी के लिए एक औपचारिक व्यवस्था को एक साथ लाया गया है। सरकार ने इस मसौदे पर 20 मई तक लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश पर पड़ने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश भारत का 'चीनी का कटोरा' कहलाता है। अनुमानित आंकड़े के अनुसार देश का 40-50 फीसदी गन्ना उत्पादन यूपी में होता है। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के गन्ना (नियंत्रण) आदेश 2026 के मसौदे में पुराने कानून की बुनियादी संरचना को बरकरार रखा गया है। हालांकि इसमें पूरी तरह बदल चुके उद्योग के अनुरूप एक नया ढांचा तैयार किया गया है।

हरिद्वार में सनातन धर्म अपनाया

## शहजाद बने शंकर, रजिया बनी सावित्री, 5 लोगों ने पहना जनेऊ

**हरिद्वार।** हरिद्वार में एक मुस्लिम परिवार ने स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाया। उत्तर प्रदेश के परिवार के मुखिया मोहम्मद शहजाद अब शंकर बन गए हैं और उनकी पत्नी रजिया से सावित्री। परिवार के 5 सदस्यों ने गंगा स्नान कर जनेऊ पहने। मोहम्मद शहजाद ने परिवार सहित स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाया। यह कार्यक्रम चंडीघाट स्थित ब्रह्मकुंड क्षेत्र में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परिवार को गंगाजल से स्नान के बाद यज्ञ कर शुद्धि प्रक्रिया संपन्न हुई। यज्ञोपवीत के बाद नामकरण संस्कार किया गया। जिसमें मोहम्मद शहजाद का नाम शंकर, पत्नी रजिया का नाम सावित्री, ज्येष्ठ पुत्री का नाम रुक्मणी, कनिष्ठ पुत्री का नाम दीक्षा और पुत्र का नाम रुद्र रखा गया।



---

ट्रैफिक में फंसी महिला की खरी-खोटी

## मंत्री महाजन ने दी सफाई, बड़ी रैली में जाम तो लग जाएगा ही

एजेंसी ▸▸ मुंबई



महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता गिरीश महाजन को एक महिला के गुस्से का सामना करना पड़ा। मुंबई के वर्ली इलाके में एक प्रदर्शन के कारण लगे ट्रैफिक जाम से नाराज एक महिला ने मंत्री को बीच सड़क पर ही खरी-खोटी सुना दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद बुधवार को मंत्री ने अपनी सफाई दी। गिरीश ने बताया कि यह कार्यक्रम कांग्रेस के विरोध में महिला आरक्षण बिल के समर्थन में आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों महिलाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने स्वीकार किया कि बड़े आंदोलनों के दौरान सड़क पर लोगों को असुविधा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि जब हम कोई बड़ा मार्च निकालते हैं, तो थोड़ी परेशानी तो होती ही है। इतिहास में भी ऐसे कई बड़े आंदोलन हुए हैं जो कई दिनों तक चले थे।

**महिला आरक्षण तुरंत हो लागू, जयहिंद ने कहा- यूपी में बेटियों के साथ अन्याय हो रहा**

# महिला कांग्रेस का देशव्यापी पोस्टकार्ड अभियान शुरू

**गौतम ने भाजपा सरकार को बताया महिला विरोधी, कहा- 2014 और 2022 के बीच देश में महिला उत्पीड़न के मामले 31 प्रतिशत बढ़े**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

महिला कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर देशव्यापी पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया है। मई और जून में निरंतर चलने वाले इस अभियान के तहत देश की करीब 10 लाख महिलाएं प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजेंगी। इनमें मांग की जाएगी कि जुलाई में संसद के मानसून सत्र में विशेष प्रस्ताव लाकर लोकसभा की 543 सीटों पर ही 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। एससी-एसटी के साथ ओबीसी महिलाओं को भी शामिल किया जाए।

### भाजपा देशभर में झूठ फैला रही



लांबा ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देशभर में झूठ फैला रही है, लेकिन कांग्रेस सच्चाई के साथ उस झूठ को बेनकाब कर रही है। कांग्रेस ने संसद के विशेष सत्र के पहले दिन भी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर इसे तुरंत लागू करने की मांग की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन को धोखा बताया। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आरक्षण बिल गिर गया, जबकि असलियत में वह परिसीमन बिल था।

**महिला सशक्तिकरण का श्रेय राजीव को**

लांबा ने महिला सशक्तिकरण के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए याद दिलाया कि आज देश में अगर 15 लाख महिलाएं पंचायत प्रतिनिधि हैं, तो इसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जाता है।

### हर दिन करीब 90 दुष्कर्म के मामले

इस दौरान राजेंद्र पाल गौतम ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए उसे महिला विरोधी बताया। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2014 से 2022 के बीच महिला उत्पीड़न के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। देश में हर घंटे महिला उत्पीड़न के 51 मामले और हर दिन करीब 90 दुष्कर्म के मामले दर्ज हो रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में महिला अपराध के मामले सबसे ज्यादा हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के एक साल पूरे

# पीएम मोदी ने जान गंवाने वाले मासूमों को किया याद, कहा-भारत कभी नहीं झुकेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले को 22 अप्रैल को एक साल पूरा हो गया है और इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने उस दर्दनाक घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद किया। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जो आज भी इस अपार दुख को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा और न ही कभी आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कामयाब होंगे।

*पीएम मोदी ने कहा कि उनकी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जो आज भी इस अपार दुख को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा और न ही कभी आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कामयाब होंगे*


हमले में मारे गए मासूमों के स्मारक पर श्रद्धांजलि देते लोग

### दुख की घड़ी में एकजुट



*पीएम मोदी ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पिछले साल आज ही के दिन, पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को हम याद कर रहे हैं। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। मेरी संवेदनाएं उन शोक-संतप्त परिवारों के साथ हैं, जो इस अपार क्षति का सामना कर रहे हैं। एक राष्ट्र के रूप में, हम दुख और संकल्प की इस घड़ी में एकजुट होकर खड़े हैं।*

### शहीदों के परिवार का दुख देश का दुखः राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश इस कायराना हमले को न भूलेगा, न दोषियों को माफ करेगा। राहुल ने कहा कि शहीदों के परिवारों का दुख पूरे देश का दुख है और भारत आतंक के सामने कभी नहीं झुकेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहा कि 2025 में हुए इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

### विदेशी राजदूतों ने दी श्रद्धांजलि

**आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ एकजुट**

भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा कि हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि ब्रिटेन हर तरह के आतंकवाद की निंदा करता है। फ्रांस के दूतावास ने कहा कि फ्रांस आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझी लड़ाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करता है। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ भारत संग हैं।

### भारतीय सेना ने दिखाई ताकत, भुज में किया प्रदर्शन



ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को ढेर करने वाले हथियारों की क्षमता पहलगाम हमले की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय सेना की वायु रक्षा रेजिमेंट ने गुजरात के भुज में एल70 वायु रक्षा तोपों का प्रदर्शन किया। इन तोपों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, दुश्मन के ड्रोन हमलों का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और भारत की वायु रक्षा ढाल को मजबूत किया।

### 22 अप्रैल 2025 को हुआ था पहलगाम आतंकी हमला

*बता दें, 22 अप्रैल 2025 का दिन पहलगाम के बैसरन घाटी में घूमने आए सैलानियों पर आतंकवादियों ने अचानक अंधाधुंध गोलीबारी कर दी थी। इस हमले में 26 बेगुनाह लोगों की जान चली गई थी।*

---


## खबर संक्षेप

### नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने दिया इस्तीफा



**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह फैसला नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए और अपने वित्तीय निवेशों (शेयरों) की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए किया है। फेसबुक पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए गुरुंग ने कहा कि वह सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिक मानकों को बनाए रखना चाहते हैं। नेपाली भाषा में किए गए फेसबुक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मैं सुदान गुरुंग 2082 चैत्र 13 से गृहमंत्री की जिम्मेदारी पर ईमानदारी से काम कर रहा हूं।

### पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की नई किताब प्रकाशित



**नई दिल्ली।** पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की नई किताब लॉन्च हो गई है। यह किताब अंग्रेजी में है जिसका नाम है- द क्यूरियस एंड द क्लासिफाइडः एनादर थिंग अबाऊट मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीस। उन्होंने बताया कि उन्हें इसे लिखने का विचार एक दोस्त के घर पर पड़ी शशि थरूर की किताब देखकर आया। यह किताब भारतीय सशस्त्र बलों के उन पहलुओं को उजागर करती है, इस किताब में कैप्टन बाबा हरभजन सिंह की कहानी, वायुसेना के जवानों के कॉल साइन और पेड़ोंगी नाम के बहादुर सैन्य खच्चर की अनसुनी कहानियां बताई गई हैं।

### भारतीय छात्र ने एआई इंफ्लूएंसर बनाकर ठगा



**वॉशिंगटन।** एमिली हार्ट सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) कैंपन की कट्टर समर्थक रही हैं। अब सामने आया है कि एमिली हार्ट कोई महिला नहीं बल्कि एआई है। इस पूरे खेल के पीछे भारत का एक 22 वर्षीय छात्र है। जिसने उसे इससे पैसे कमाने के जरिए में बदल दिया। उसने 'फैनव्यू' जैसे प्लेटफॉर्म पर एमिली का अकाउंट बनाया। छात्र ने एआई के जरिए बनाई गई एमिली की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए जिन्हें देखने के लिए लोग मोटी रकम चुकाने लगे।

---

### जर्मनी में पश्चिम एशिया संकट पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह


*कहा- पीएम का दृष्टिकोण संतुलित*

# भविष्य में वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी कई देशों के नेताओं से सीधे बातचीत की है*

बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने हमेशा शांति की दिशा में प्रयास किए हैं, लेकिन हर चीज का एक सही समय होता है। पश्चिम एशिया संकट पर उन्होंने कहा कि हो सकता है आने वाले समय में भारत इस दिशा में अहम भूमिका निभाए और सफल भी हो। उन्होंने यह भी बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों से युद्ध खत्म करने की अपील की है और उनका रुख हमेशा संतुलित रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी कई देशों के नेताओं से सीधे बातचीत की है।


भारतीय समुदाय को संबोधित करते राजनाथ सिंह

उन्होंने बताया कि जब पीएम ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की, तब भी शांति और समाधान पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्री ने वैश्विक राजनीति में भारत की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि भारत का रुख किसी एक पक्ष के खिलाफ नहीं है। यही कारण है कि न तो अमेरिका भारत को दुश्मन मानता है और न ही ईरान। राजनाथ सिंह ने भारत की कूटनीति की सराहना करते हुए कहा कि इसी संतुलित नीति की वजह से भारत के जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजर पाए, जबकि उस समय कई देशों के जहाजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

**भारत का रुख किसी एक पक्ष के खिलाफ नहीं** | **जर्मनी यूरोप में सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार**

### जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ की द्विपक्षीय बैठक



*जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के उपायों पर चर्चा की गई है। बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा प्रशिक्षण में सहयोग के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बातचीत में रक्षा, सुरक्षा (सह उत्पादन-विकास) से जुड़े विभिन्न मामलों को शामिल किया गया। दोनों रक्षा मंत्रियों ने सैन्य सहयोग को रणनीतिक साझेदारी के एक मुख्य स्तंभ के रूप में मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को जरूरी स्थिरता और मजबूती प्रदान की है। राजनाथ ने इस साल सितंबर, अक्टूबर महीने में भारत में होने वाले तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में जर्मनी की वायुसेना की भागीदारी को लेकर उत्सुकता जताई है।*

### जर्मनी के साथ संबंध लगातार मजबूत हुए

*यह उनका जर्मनी का पहला दौरा है और वे वहां के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के निमंत्रण पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और वर्ष 2026 दोनों देशों के लिए खास है, क्योंकि इस साल उनके कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। पिछले 70 वर्षों में भारत और जर्मनी के बीच हर क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है। आज जर्मनी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका है। भारत में 2,000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां काम कर रही हैं, जो देश के औद्योगिक विकास और 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा दे रही हैं। वहीं कई भारतीय कंपनियां भी जर्मनी में अपनी मजबूत मौजूदगी बना रही हैं।*

### ईरान युद्ध का भारत पर कम असर

पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इस संकट का भारत पर सबसे कम असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चा तेल, ऊर्जा, एलपीजी और अन्य आवश्यक वस्तुओं का देश में पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने बताया कि पीएम के निर्देश पर वरिष्ठ मंत्रियों की एक समिति बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता वह स्वयं कर रहे हैं। यह समिति हर सप्ताह बैठक कर स्थिति की समीक्षा करती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि फिलहाल कोई विशेष समस्या नहीं है और सरकार हर हालात पर नजर बनाए हुए है।

### भारतीय समुदाय 'लिविंग ब्रिज'

रक्षा मंत्री ने कहा कि बर्लिन में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत कर उन्हें बेहद खुशी हुई। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत और जर्मनी के बीच लिविंग ब्रिज बताया और कहा कि हाल के वर्षों में यह समुदाय एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान उन्होंने भारत की तेज आर्थिक प्रगति और तकनीकी विकास को रेखांकित किया, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप्स, अंतरिक्ष और डिजिटल इनोवेशन जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

---

### इजराइल का बड़ा कबूलनामा

# ईरान के खिलाफ ऑपरेशन में मारा गया 'मोसाद' एजेंट


मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। उन्होंने ईरान के खिलाफ इजराइल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इजराइली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी। यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं।

उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है। उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई।

### देश के लिए किया जीवन समर्पित

मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इजराइल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इजराइल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बार्निया ने कहा कि मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही अभियान था, जिसने हालिया इजराइल-ईरान युद्ध के दौरान इजराइल की सफलता में योगदान दिया।

### इटली में नाव हादसे में हुई थी मौत

इटली की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस नाव पर हादसा हुआ, उस पर खुफिया एजेंटों की एक कार्य बैठक चल रही थी। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नाव पर सवार 23 लोगों में से 19 मौजूदा या पूर्व इजराइली और इतालवी खुफिया एजेंट थे। इटली की सुरक्षा सेवा ने बताया था कि हादसे में मारे गए दो अन्य लोग 62 वर्षीय एक पुरुष और 53 वर्षीय एक महिला उसके कर्मचारी थे। मेम का शव बाद में इजराइल लाया गया, जहां अश्केलोन सैन्य कब्रिस्तान में पूरे सम्मान के साथ दफनाया गया। उनके अंतिम संस्कार में मोसाद के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें डेविड बार्निया भी शामिल थे, मौजूद रहे।

---

### एआई कंटेंट पर केंद्र सरकार ने कसा शिंकजा

*नए ड्राफ्ट पर 7 मई तक मांगी जनता की राय*

# एआई से बने फोटो-वीडियो पर पूरे समय दिखाना होगा 'लेबल'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एआई से तैयार या सिंथेटिक कंटेंट को लेकर नए सख्त नियम प्रस्तावित किए हैं। इन प्रस्तावित संशोधनों के तहत अब ऐसे किसी भी कंटेंट पर लगातार और स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला लेबल लगाना अनिवार्य किया जा सकता है। सरकार ने इस ड्राफ्ट को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है और 7 मई तक आम लोगों व संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं।




### एआई से तैयार सामग्री को छिपाना असंभव


नए ड्राफ्ट के तहत सबसे बड़ा बदलाव लेबलिंग की प्रकृति में किया गया है। पहले जहां एआई कंटेंट पर 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' वाला लेबल पर्याप्त माना जाता था, वहीं अब इसे 'पूरे कंटेंट की अवधि के दौरान लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित' करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इसका सीधा अर्थ है कि वीडियो, इमेज या किसी भी विजुअल फॉर्मेट में एआई से तैयार सामग्री को दर्शकों से छिपाया नहीं जा सकेगा। इस प्रस्ताव की खास बात यह है कि यह नियम सिर्फ एआई कंपनियों या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक सीमित नहीं रहेगा। अगर कोई आम यूजर भी एआई से बना कंटेंट तैयार करता है या शेयर करता है, तो उसे भी इन नियमों का पालन करना होगा। यानी जिम्मेदारी अब हर कंटेंट क्रिएटर पर होगी।

### दावाः नासा रोवर की तस्वीरों में मंगल पर उड़ते दिखे कीड़े



**वॉशिंगटन।** मंगल ग्रह पर जीवन की संभावना को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है। नासा के रोवरों द्वारा भेजी गई कुछ तस्वीरों में कथित रूप से पंखों वाले कीड़े, छिपकली जैसे जीव और शिकारी जैसे जीवन रूप दिखाई देने के दावों ने वैज्ञानिकों का ध्यान खींचा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मंगल सौरमंडल के सबसे अधिक अध्ययन किए गए ग्रहों में से एक है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन



**सुखोई-मिराज की गर्जना**

*सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे लड़ाकू विमानों का एयर शो शुरू हो गया है। सबसे पहले वायु सेना के सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने एक्सप्रेस-वे पर बने रनवे पर लैंडिंग की फिर जगुआर ने उड़ान भरी। सुखोई, मिराज और तेजस के 9 फाइटर जेट्स ने टेकऑफ और लैंडिंग की। शो 6 घंटे तक चला। एयर शो के लिए 5 किलोमीटर का एरिया सील कर दिया गया है।*

---

### भारत और श्रीलंका के बीच 7 दिवसीय नौसैनिक युद्धाभ्यास शुरू

# आईएनएस निरीक्षक कोलंबो पहुंचा, डाइवेक्स 2026 में ले रहा हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का गोताखोरी सहायता और पनडुब्बी बचाव पोत आईएनएस निरीक्षक 21 अप्रैल 2026 को श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा। यह जहाज 21-27 अप्रैल 2026 तक आयोजित द्विपक्षीय गोताखोरी अभ्यास 'इन-एसएलएन डाइवेक्स 2026' के चौथे संस्करण में भाग लेगा। यह संयुक्त अभ्यास दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता, सामंजस्य और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान दोनों पक्षों की गोताखोर टीमें विशेष अभियानों और प्रशिक्षण गतिविधियों में हिस्सा लेंगी।

### गोताखोर टीमें विशेष अभियानों में भाग लेंगी


कोलंबो पोर्ट पर आईएनएस निरीक्षक

### सांस्कृतिक-मैत्रीपूर्ण कार्यक्रम भी शामिल

श्रीलंका नौसेना ने नौसेना बैंड की उपस्थिति में जहाज का औपचारिक स्वागत किया। आईएनएस निरीक्षक के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर शैलेश त्यागी ने पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल एसजे कुमारा से मुलाकात कर आपसी हितों पर चर्चा की। इस दौरे के दौरान पेशेवर बैठकों के अलावा सामाजिक मेलजोल, खेल प्रतियोगिताएं और संयुक्त योग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता और सौहार्द को और मजबूती मिलेगी।

### समुद्री संबंधों को मजबूत करने की पहल

एक सप्ताह तक चलने वाला यह अभ्यास भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह दोनों देशों के साझा गहरे समुद्री हितों और सहयोग की निरंतरता को भी दर्शाता है। यह पहल हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता, सहयोग और सामूहिक विकास को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

### 'आरोग्य मैत्री' पहल के तहत सहायता

भारत की मानवीय सहायता पहल के तहत यह जहाज 'आरोग्य मैत्री' कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीलंका को दो 'मैत्री भीष्म क्यूब' भेंट करेगा। ये अत्याधुनिक पोर्टेबल चिकित्सा इकाइयां हैं, जो 200 आपातकालीन मामलों को संभालने में सक्षम हैं।

---

### आईडीएफ चीफ की चेतावनी

# सेना हर परिस्थिति के लिए तैयार हर मोर्चे पर लड़ेंगे, नहीं बख्शेंगे

एजेंसी ▶▶ यरूशलम



इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने अपनी सेना को किसी भी परिस्थिति में तैयार रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि ईरान और लेबनान में नाजुक युद्धविराम के बीच, सेना हाई अलर्ट पर है और सभी मोर्चों पर लड़ाई के लिए तैयार है। बुधवार को राष्ट्रपति के घर पर इजराइली स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किए गए 120 बेहतरीन सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर की आग के बाद से, हम लगातार लड़ाई के जरिए अपनी सैन्य ताकत को फिर से बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में, आईडीएफ ने हमास के खिलाफ लड़ाई जीती और इस कमांड को बनाए रखा। हमने किसी को नहीं बख्शा। इस समय, आईडीएफ पूरी तरह अलर्ट और तैयार है, और सभी सेक्टरों में तुरंत और पूरी ताकत से लड़ने के लिए तत्पर है।







शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

## आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस



एलर्टनेस
डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ

हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थः** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमरः** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोगः** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर की आशंका का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीजः** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचापः** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिसः** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हों, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिसः** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुतिः अंजू जैन

हेल्थ सजेशन
शिखर चंद जैन

सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

## स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं 10 सरल-कारगर सूत्र

### प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।

### सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।

### तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' नामक हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।





### अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।



अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

### सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।



### स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड

**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।



### सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।

### गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

### नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

डिजीज
डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

## डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित

हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोगः** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असरः** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।



**समस्या के कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतराः** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाजः** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोजः** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।




**क्या है उपचारः** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यानः** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा





## राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ को 40 रन से हराया

# 160 रन चेज नहीं कर पाई सुपर जायंट्स

एजेंसी ▸▸| लखनऊ

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल टी20 मैच में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने 29 गेंद में नाबाद 43 रन की पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 29 रन देकर एक विकेट लिया।

राजस्थान रॉयल्स ने 8 विकेट पर 159 रन का औसत स्कोर खड़ा करने के बावजूद सुपर जायंट्स को 18 ओवर में महज 119 रन पर आउट कर 40 रन की बड़ी जीत दर्ज की। जोफ्रा आर्चर (20 रन पर 3 विकेट) और नांद्रे बर्गर (27 रन पर 2 विकेट) ने सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरा, तो वहीं बृजेश शर्मा (18 रन पर 2 विकेट), जडेजा और रवि बिश्नोई (23 रन पर 1 विकेट) ने मध्य और निचले क्रम को क्रीज पर जमने का मौका नहीं दिया।



### शमी और मोहसिन की शानदार गेंदबाजी

*इससे पहले जडेजा के अलावा यशस्वी जायसवाल (22), रियान पराग (20), शिमरॉन हेटमायर (22) और डोनोवन फरेरा (20) को भी अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। अनुभवी गेंदबाज शमी (4 ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (4 ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।*

### सुपर जायंट्स के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श ने शुरुआती ओवर में आर्चर के खिलाफ लगातार चौके जड़े, लेकिन इसके बाद सुपर जायंट्स के तीन बल्लेबाज खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। आयुष बडोनी गफलत का शिकार होकर रन आउट हुए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत नांद्रे बर्गर के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का पंत बो शमी | 22 | 12 | 4 | 0 |
| सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 | 11 | 2 | 0 |
| जुरेल का पंत बो शमी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 | 19 | 2 | 1 |
| हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 | 18 | 2 | 1 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 | 29 | 2 | 1 |
| फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 | 19 | 2 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 | 11 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 20 ओवर में 159/6 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का पराग बो बर्गर | 55 | 41 | 6 | 2 |
| बडोनी रन आउट | 00 | 1 | 0 | 0 |
| पंत का जुरेल बो बर्गर | 00 | 3 | 0 | 0 |
| मारक्रम का जुरेल बो आर्चर | 00 | 6 | 0 | 0 |
| पूरन का फरेरा बो जडेजा | 22 | 25 | 3 | 0 |
| हिम्मत सिंह बो बिश्नोई | 15 | 15 | 0 | 1 |
| मुकुल का पराग बो बृजेश | 07 | 3 | 0 | 1 |
| मोहम्मद शमी बो बृजेश | 06 | 4 | 0 | 1 |
| मयंक का जुरेल बो आर्चर | 02 | 2 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 02 | 2 | 0 | 0 |
| मोहसिन खान बो आर्चर | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07, कुल योग: 18 ओवर में 119/10 रन
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-20-3, बर्गर 4-0-27-2, बृजेश 3-0-18-2, जडेजा 4-0-29-1, बिश्नोई 3-0-23-1

### सबसे कम गेंद में 500 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने वैभव

राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे कम गेंदों में 500 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सिर्फ 227 गेंदों में यह कारनामा किया। इसी के साथ सूर्यवंशी ने दिग्गज ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पहले यह रिकॉर्ड ग्लेन मैक्सवेल के नाम था।

## एमआई और चेन्नई में भिड़ंत

# वापसी की राह पर रोहित और धोनी, मुंबई इंडियंस-सुपरकिंग्स में महामुकाबला आज




एजेंसी ▸▸| मुंबई

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को जब आईपीएल में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी। रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया।

इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

## आईसीसी रैंकिंग : टी20 में नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों की छलांग, वनडे में बांग्लादेशियों को फायदा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच 26 रन से गंवाने के बाद दूसरा मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम करने के बाद बांग्लादेश ने न सिर्फ तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-1 से बराबर किया, बल्कि उसके खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत प्रदर्शन में काफी सुधार किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आईसीसी मेंस वनडे रैंकिंग में छलांग लगाई है।




### तंजीद हसन को वनडे रैंकिंग में फायदा

बांग्लादेशी ओपनर तंजीद हसन उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें वनडे रैंकिंग सबसे ज्यादा फायदा मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 76 रनों की संयमित पारी खेलने के बाद तंजीद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तौहीद हिरदॉय पांच पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़े

इस मुकाबले के साथ बांग्लादेश की गेंदबाजी यूनिट को भी फायदा हुआ। स्पिनर रिशाद हुसैन 10 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा मैच में 5 विकेट लेने के बाद 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने सीरीज में लगातार विकेट लेने वाले प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में 39वां स्थान हासिल कर लिया है। भले ही डेरिल मिशेल इस वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने इस फॉर्मेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

### खबर संक्षेप

#### एनआर मेमोरिएल फिडे रेपिड चैस टूर्नामेंट 10 मई को बालाघाट में

**भोपाल।** एनआर मेमोरिएल फिडे रेपिड चैस टूर्नामेंट 10 मई को सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड पॉलिटेक्निक गर्रा बालाघाट में खेला जाएगा। एक लाख रुपए प्राइज मनी के इस टूर्नामेंट की एंट्री फीस पांच सौ रुपए रखी गई है, वहीं प्रतिभागी 8 मई तक अपना नाम दर्ज करवा सकेंगे। वहीं प्रथम पुरस्कार के रूप में विजेता को 21 हजार तो द्वितीय पुरस्कार के रूप में 12 हजार एवं तृतीय आने वाले खिलाड़ी को 10 हजार रुपए, चौथे स्थान पर आने वाले को 7 हजार, पांचवे स्थान के विजेता को 5 हजार, 6 एवं 7वें स्थान के लिए 4-4 हजार, 8वें एवं 9वें स्थान के लिए 3500-3500 एवं 10वें स्थान के विजेता को 3000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ सुबह 9.55 बजे होगा एवं 10 बजे से पहला राउंड शुरू हो जाएगा। वहीं पुरस्कार वितरण शाम 7 बजे होगा।

## आईपीएल में दिखा धोनी का बिहारी अंदाज, वायरल हुआ मजेदार वीडियो

एजेंसी ▸▸| मुंबई

फैंस 2026 आईपीएल सीज़न में एमएस धोनी को देखने के लिए बहुत ज़्यादा उत्साहित लग रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीज़न में अब तक छह मैच खेले हैं, जिनमें से किसी में भी धोनी चोट की वजह से नहीं खेल पाए हैं। हालाँकि धोनी असली मैचों में मैदान पर नहीं दिखे हैं, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान वह लगातार मैदान पर नज़र आए हैं। इसी बीच,धोनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक खास 'बिहारी' अंदाज़ में बात करते दिख रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने धोनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह एमआई के तेज गेंदबाज़ दीपक चाहर से बात करते दिख रहे हैं। वीडियो में, जैसे ही धोनी की नज़र कैमरे पर पड़ती है, वह अपने जाने-पहचाने बिहारी अंदाज़ में बात करना शुरू कर देते हैं। फैंस को माही का यह खास अंदाज़ बहुत पसंद आता है।




### धोनी ने क्या कहा

वीडियो में धोनी ने दीपक चाहर से कहा, "तुम आए, और साथ में कैमरा भी ले आए?" जवाब में, चाहर ने कैमरामैन की तरफ मुड़कर कहा, अरे भाई, चलो, अब तुम जाओ। फिर माही ने बीच में कहा, "हाँ, वरना हम बात नहीं कर पाएंगे (कैमरामैन की वजह से)। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी को इस तरह बात करते देखा गया है। पहले भी कई मौकों पर उन्हें बिहारी अंदाज में बात करते सुना गया है। फैंस को माही की पर्सनैलिटी का यह पहलू बहुत प्यारा लगता है।

### सेंचुरियन के शिवांशु रेस्ट ऑफ मप्र की अंडर-13 टीम में

**भोपाल।** सेंचुरियन क्रिकेट अकैडमी और भोपाल अंडर-13 क्रिकेट टीम के होनहार खिलाड़ी शिवांशु मिश्रा का चयन रेस्ट ऑफ मध्य प्रदेश अंडर-13 टीम में हो गया है। शिवांशु कोच अर्जुन केवट और हेड कोच मोहसिन हसन के मार्गदर्शन में सेंचुरियन अकैडमी में कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर अकैडमी के संचालक अभिनव रईसा और मेंटर फैसल मीर ने हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने शिवांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह अकैडमी के लिए गर्व का विषय है।



### भाऊ साहेब निंबालकर ट्रॉफी अंडर 18 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट जबलपुर

## भोपाल डिवीजन ने रेस्ट ऑफ एमपी 'बी' को 284 रन के बड़े अंतर से हराया

### ओजस ने 3, रबजीत और नैतिक ने लिए 2-2 विकेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 बॉयज भाऊ साहेब निम्बलकर ट्रॉफी जबलपुर के नीमखेड़ा मैदान पर खेले जा रहे (चार दिवसीय) मैच में भोपाल डिविजन और रेस्ट आफ एम पी 'बी' मैच के चौथे व अंतिम दिन रेस्ट ऑफ़ एम पी 'बी' ने मंगलवार के स्कोर 3 विकेट पर 22 रन से आगे खेलते हुए 47.4 ओवर में 122 रन ही बना सकी, जिसमें शिखर देशमुख ने 31 रन और शिवम पटेल ने 29 रन बनाए।

इनमें भोपाल डिविज़न से ओजस शुक्ला ने 3, रबजीत सिंह मल्ही और नैतिक जैन ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिविज़न ने रेस्ट ऑफ़ एमपी बी को 284 रन से हराकर पहली बार मध्य प्रदेश की विजेता बनी।

इस प्रतियोगिता जीतने की विशेषता यह है कि रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' और 'बी' टीमों में भोपाल को छोड़कर पूरे मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन किया गया था, उन दोनों टीमों को पराजित करते हुए भोपाल ने पहले हीरालाल गायकवाड़ और अब भाऊसाहेब निम्बलकर ट्रॉफी की विजेता बनी है।




### भोपाल डिवीजन की गर्ल्स ने शहडोल को हराया

*एमपीसीए सीनियर वूमेंस जेएस आनंद ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट लिमिटेड ओवर में बुधवार को इंदौर के एनएमआईएमएस मैदान में भोपाल और शहडोल डिवीजन के बीच मैच खेला गया। शहडोल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग ली। भोपाल डिवीजन ने निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए, इसमें निकिता सिंह नें 71, सौम्या तिवारी ने 32 और श्रेया दीक्षित ने 26 रन बनाए। शहडोल की गेंदबाज संस्कृति गुप्ता ने 4 और शिवानी शुक्ला ने 1 विकेट लिया। जवाब में शहडोल डिवीजन 40.4 ओवर में 132 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें संस्कृति गुप्ता ने 72 रन बनाए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने शहडोल डिवीजन को 71 रन से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच निकिता सिंह 71 रन, (भोपाल डिविजन) रहीं, इसी के साथ भोपाल डिवीजन को 4 पॉइंट मिले। भोपाल की यह लगातार तीसरी जीत थी। आखिरी लीग मैच में भोपाल का मुकाबला सागर से होगा।*



केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल
**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, कोहेफिजा शाखा, भोपाल फोन : 9993166500 e-mail id : cb2652@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002652** | | | |
| ऋणी- **श्रीमती सईदा खातून पत्नि श्री संजय कुमार यादव** सहबाध्यकारी/ऋणी/बंधककर्ता **श्री संजय कुमार यादव पुत्र श्री गोपाल राम यादव श्री अशोक कुमार मेहता पुत्र श्री मदनलाल मेहता** | ₹ 468200.61 + दिनांक 24.08.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | **फ्लैट स्थित नर्मदा ब्लॉक क्रमांक 3 चतुर्थ तल प्लॉट क्रमांक 10, सेक्टर-डी, इंडस रियलिटी, औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, वार्ड क्रमांक 13, गोहरगंज रायसेन क्षेत्रफल- 450 वर्गफीट** चर्तुसीमाएंः पूर्वः नर्मदा ब्लॉक 03, चतुर्थ तल-04, पश्चिमः नर्मदा ब्लॉक 03, चतुर्थ तल-02, उत्तरः नर्मदा ब्लॉक 02, चतुर्थ तल-07, दक्षिणः कॉरिडोर | ₹ 7,25,000/- / ₹ 72,500/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, इटारसी शाखा, इटारसी e-mail id : cb2382@canarabank.com Authorised Officer : 8895416219 Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002382** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ताः **अरुणा सेल्स कार्पोरेशन** द्वारा प्रोपराइटर-श्री अमित कुमार पांडे पुत्र श्री ओमप्रकाश पांडे जमानतदारः **श्री भारत भूषण गांधी** पुत्र श्री रामलाल गांधी | दिनांक 20.04.2026 को ₹ 10,76,327/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **रिहायशी संपत्ति स्थित मौजा ग्राम धुरपान, तहसील इटारसी जिला होशंगाबाद पी.सी. नं.06, 166 में से खसरा नं.1/92 (पुराना खसरा नं.98/4), म्यूटेशन के पश्चात प्लॉट नं.1/93 रकबा 3000 वर्गफीट ग्राम धुरपान तह. इटारसी जिला होशंगाबाद संपत्ति मालिक- श्री भारत भूषण गांधी** चर्तुसीमाएँः पूर्वः दुलारे प्रसाद की कृषि भूमि, पश्चिमः रामनाथ पुत्र राम गोपाल का प्लाट, उत्तरः कच्चा रास्ता, दक्षिणः चुन्नीलाल मालवीय की भूमि | ₹ 6,75,000/- / ₹ 67,500/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, अयोध्या बायपास शाखा, भोपाल e-mail id : cb5104@canarabank.com contact No. : 918128384223 Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0005104** | | | |
| ऋणीः **मेसर्स रामासिस एनर्जी कॉर्पोरेशन** प्रोपराइटर- श्री अरुण कुमार तिवारी पुत्र ब्रम्हदेव तिवारी और श्री विनय कुमार तिवारी पुत्र ब्रम्हदेव तिवारी | दिनांक 20.04.2026 को ₹ 3207138.29/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. सी- 112, क्षेत्रफल- 364 वर्गफिट निर्मित क्षेत्रफल प्रथम तल, शिव कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, ओम शिव काम्पलेक्स को-आपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड, नर्मदा नगर, केबिन रोड, भयंदर (ई), ठाणे -401105, पुराना सर्वे नं.121 की भूमि पर निर्मित, नया सर्वे नं. 106, हिस्सा नं.13, ग्राम : खारी, तालुका जिला- थाणे** संपत्ति मालिक- **श्री विनय ब्रह्मदेव तिवारी,** संपत्ति की चर्तुसीमाएंः पूर्वः उसी बिल्डिंग का फ्लैट सी/114, पश्चिमः ओमशिव कॉम्प्लेक्स का बी विंग, उत्तरः सांई जैसल कृपा कॉम्प्लेक्स, दक्षिणः उसी बिल्डिंग का फ्लैट सी/111, | ₹ 20,60,000/- / ₹ 2,06,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक होशंगाबाद शाखा (Ph. No 7080725570) e-mail id : cb2367@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002367** | | | |
| ऋणी- 1. **श्री महेश चंद्र शर्मा पुत्र श्री रमेश चंद्र शर्मा** 2. **श्री शिव शर्मा पुत्र श्री महेश चंद्र शर्मा** | दिनांक 20.04.2026 को ₹ 2893070.17/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | **आवासीय फ्लैट नं. 3101, प्रथम तल, क्रिस्टल सीसी 'लाइफस्टाइल आरआरए हेरिटेज' डायवर्टेड खसरा नं.33/6 ग्राम जलालाबाद, पीएच नं.17, वार्ड नं. 08 जलालाबाद शहर होशंगाबाद म.प्र.** संपत्ति मालिक- श्री महेश चंद्र शर्मा क्षेत्रफल 580 वर्गफीट चर्तुसीमाएं- पूर्वः गलियारा, पश्चिमः जॉगिंग ट्रैक, उत्तरः फ्लैट नं.सीबी 2100, दक्षिणः खुला क्षेत्र | ₹ 5,22,000/- / ₹ 52,200/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक नर्मदापुरम शाखा (Ph. No 7080725570) e-mail id : cb2367@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002367** | | | |
| ऋणी/बंधककर्ताः **श्री राम कुमार गौर पुत्र श्री शिव कुमार गौर एवं श्री शिव कुमार गौर पुत्र श्री केशव प्रसाद गौर** | दिनांक 20.04.2026 को ₹ 8,58,209.18 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **एक खुला प्लाट क्षेत्रफल 757 वर्गफिट, डायवर्टेड खसरा नं. 107/5, 110/3, 111/3, सेटलमेंट नं. 101, हल्का नं.17 स्थित वार्ड क्रमांक 16 जलालाबाद कालिका नगर, होशंगाबाद तहसील एवं जिला होशंगाबाद (म.प्र.) चर्तुसीमाएं :** उत्तरः यादव जी का प्लॉट, दक्षिणः कॉलोनी रोड, पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः श्री रामविलास यादव का मकान | ₹ 26,77,000/- / ₹ 2,67,700/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक सांची शाखा : सांची फोन : 9630440445, e-mail id :- cb1183@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0001183** | | | |
| ऋणी/बंधककर्ताः **श्री रतन सिंह लोधी पुत्र दशरथ सिंह लोधी** | ₹ 3767000/- + दिनांक 30.08.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | **संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित पी.सी. नं. 19, सर्वे नं. 506, क्षेत्रफल- 2230 वर्गफिट, मकान प्लाट स्थित ग्राम- चांदना, तहसील एवं जिला रायसेन (म.प्र.)** चर्तुसीमाएंः पूर्व- रतन सिंह की भूमि, पश्चिम- लखपत सिंह की भूमि, उत्तर- रतन सिंह की भूमि, दक्षिण- रणजीत सिंह की भूमि | ₹ 11,95,000/- / ₹ 1,19,500- / ₹ 10000/- |
| **धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 11-05-2026, सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 11-05-2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)** | | | |
| **केनरा बैंक विदिशा शाखा, विदिशा फोन : 919589655672, e-mail id :- cb1775@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0001775** | | | |
| ऋणी/बंधककर्ता/सहऋणीः **श्रीमती हेमवती बाई पत्नि रमेश नरबरिया एवं श्री रमेश नरबरिया पुत्र फूल सिंह** | ₹ 518020.41/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **संपत्ति क्षेत्रफल- 552 वर्गफुट का भूखंड और उस पर निर्मित आरसीसी फ्रेम वाला जी+1 मंजिला मकान शामिल है। करिया खेड़ा रोड के पास, गली संख्या 04, वार्ड संख्या 34, विदिशा, मध्य प्रदेश।** चर्तुसीमाएंः पूर्वः रघुवंशी जी मनोरा वाले, पश्चिमः प्रस्तावित सड़क 15 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः प्रस्तावित सड़क 10 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः मुन्ना रघुवंशी का मकान, | ₹ 9,50,000/- / ₹ 95,000- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक इटारसी शाखा, इटारसी फोन : 919993792528 , e-mail id :- cb2382@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002382** | | | |
| ऋणीः **स्व. श्री मुकेश कुमार मथुरिया पुत्र श्री हीरालाल मथुरिया** सहऋणी/जमानतदारः **श्रीमती रजनी मथुरिया पत्नि स्व. श्री मुकेश मथुरिया** मृतक ऋणी के कानूनी उत्तराधिकारीः स्व. श्री मुकेश मथुरिया के सभी कानूनी उत्तराधिकारी | दिनांक 20.04.2026 को ₹ 1151092.84 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **संपत्ति का समस्त भू भाग अचल संपत्ति स्थित पीएच नंबर 14, खसरा नंबर 136/1/2, 136/3, 137,138/1, 138/2, 138/3, 139 लेआउट प्लॉट नंबर 78-79 फॉर्च्यून डिवाइन सिटी फेज 2 सोनासांवारी इटारसी, फॉर्च्यून डिवाइन सिटी फेज-2 इटारसी, म.प्र. 461111** कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट। चर्तुसीमाएँः उत्तरः लेआउट प्लॉट नंबर 80, दक्षिणः लेआउट प्लॉट नंबर 77, पूर्वः कॉलोनी बाउंड्री वॉल, पश्चिमः कॉलोनी रोड | ₹ 32,30,000/- / ₹ 3,23,000- / ₹ 10000/- |
| **धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 25-05-2026, सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 25-05-2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)** | | | |

**E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com**

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट **https://www.canarabank.com** में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः **20.04.2026** प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक




# कैंची धाम से भोपाल तक की शोध यात्रा के बाद बनी 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज'

## फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' के टीजर लांच और प्रमोशन के लिए भोपाल आई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस फिल्म को बनाने के लिए हमने पांच साल तक रिसर्च की और कुछ ही महीना में यह फिल्म बनकर तैयार हो गई, लेकिन इसमें हमारी रिसर्च काफी गहन थी। हमने उत्तराखंड के कैंची धाम से लेकर भोपाल तक में नीम करोरी बाबा से जुड़े हुए लोगों से मुलाकात की, बाबा के बारे में, उनके रहन सहन, पहनावे से लेकर उनके बैठने और बोलने के तरीकों को जाना समझा तब जाकर इस फिल्म को अंतिम मुकाम तक ले गए..... दिव्य संत बाबा नीब करोरी महाराज के जीवन, उनके सांसारिक और आध्यात्मिक तप, तथा उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' की प्रेस वार्ता में उपरोक्त बात फिल्म के प्रोडयूसर केएस गौर ने। बुधवार को होटल कोर्टयार्ड बॉय मैरियट में फिल्म के प्रमोशन के अवसर पर आए फिल्म में अहम किरदार निभाने वाले लोग आए और उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।



### फिल्म के किरदार भी बाबा ने ही चुने...

वहीं फिल्म में मौनी मां का रोल निभा रहीं स्मिता तांबे ने कहा कि इसमें मुख्य रोल नीम करोरी बाबा के लिए हमनें मराठी अभिनेता को चुना, जिनका हुलिया बाबा की तरह ही है, लेकिन हम यूं कहेंगे कि इस फिल्म में कई लोग आए और फिर उनकी जगह दूसरों को लिया गया, क्योंकि वो उस रोल में फिट नहीं बैठते थे, तो फिल्म भी बाबा की बदौलत बनी, उन्हीं की बदौलत चलेगी भी और उसमें किरदार भी बाबा के ही चुने हुए हैं।

**संतोषी मां फिल्म के बाद यह फिल्म अध्यात्म की एक लहर पैदा करेगी**

स्मिता ने कहा कि मुझे पांच साल पहले जब इस फिल्म का ऑफर आया, तब कोविड चल रहा था, लेकिन मेरी सास हॉस्पिटल में थीं, लेकिन पति ने कहा कि जाओ फिल्म करो और मैं गई। लेकिन बाबा की कृपा हुई कि चंद महीनों में मेरी सास ठीक हो गईं तो आप कह सकते हैं कि संतोषी मां फिल्म के बाद शायद फिर से यह फिल्म अध्यात्म की एक लहर पैदा करेगी।


### भाग्यशाली हूं कि मुझे सिद्धी मां का किरदार निभाने का मिला मौका



वहीं फिल्म में सिद्धी मां का किरदार निभा रही समीक्षा भटनागर ने कहा कि मैं खुद को बड़ा भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला। इसके लिए मैंने सिर्फ बाहरी तौर पर ही नहीं, बल्कि भीतरी तोर पर भी खुद को प्रिपेयर किया और इस किरदार को निभाने में अपनी पूरी जान डाल दी।

### भोपाल के नाम सुनते ही खड़े हो जाते हैं रोंगटे, क्योंकि यह मेरी दूसरी जन्मभूमि

नीम करोरी बाबा फिल्म के प्रमोशन के लिए आए अभिनेता अनिरुद्ध दवे से हरिभूमि की खास बातचीत



**भोपाल।** श्री नीम करोरी बाबा में अहम किरदार निभाने वाले एक्टर अनिरुद्ध दवे ने कहा कि मुझे आज भी याद है आज से पांच साल पहले जब मैं अनुपम खेर के साथ वेबसीरिज की शूटिंग के लिए भोपाल आया था, तब मुझे कोविड हो गया और वो काफी बिगड़ गया था, तब चिरायु अस्पताल में इलाज चला, जिसमें मैं आज भी चिरायु के डॉ. अजय गोयनका का शुक्रगुजार हूं। जिन्होंने मेरी जान बचाई, इसलिए भोपाल को मैं अपनी दूसरी जन्मभूमि बोलता हूं कि मैं भोपाल से इमोशनली कनेक्ट हूं, जिसने मेरी जान बचाई।

हरिभूमि चर्चा

#### गूगल से सिर्फ जानकारी मिलेगी वास्तविक ज्ञान नहीं

उन्होंने कहा कि ने कहा कि आज हमें लगता है कि हम गूगल से इंफॉरमेशन ले लेंगे, लेकिन आपको सिर्फ जानकारी मिलेगी, ज्ञान नहीं मिलेगा। ज्ञान पाने के लिए आपको लोगों से कनेक्टिविटी बढ़ानी पड़ेगी, तभी जाकर आप किसी चीज पर अपना बेस्ट दे पाएंगे और यही इस फिल्म का सार है। इसमें हमने नीम करोरी बाबा से जुड़े हुए लोगों से मुलाकात की, उनके बारे में जाना और तब जाकर यह फिल्म बनाई।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज का जेईई मेंस में शानदार प्रदर्शन



**भोपाल।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड भोपाल के छात्रों ने जेईई मेन 2026 (सेशन-2) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम रोशन किया है। अनुज सिंह ने 99.92 परसेंटाइल हासिल कर अकफ 1193 प्राप्त की और भोपाल टॉपर बने। वहीं तनिष्क सिंघल ने 99.92 परसेंटाइल तथा अंशिका धाकड़ ने 99.48 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। एनटीए द्वारा 20 अप्रैल 2026 को घोषित परिणामों में आकाश भोपाल के छात्रों ने अपनी मेहनत और बेहतर तैयारी का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, मॉक टेस्ट और निरंतर मूल्यांकन को दिया। इस अवसर पर अएरछ के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड डॉ. एच.आर. राव ने कहा कि छात्रों की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और आकाश के मजबूत शिक्षण तंत्र का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

■ संस्था का नाम किया रोशन

## शहर के ऐसे पुस्तक प्रेमी, जिनके घर पुस्तकों का अथाह संसार

# किताबों से सजा संसार..., जिनके घरों में आज भी बसती है ज्ञान की अनमोल विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के डिजिटल दौर में जहां मोबाइल स्क्रीन ने लोगों की पढ़ने की आदत को सीमित कर दिया है, वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनके लिए किताबें केवल पढ़ने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन का सबसे अनमोल खजाना हैं। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर ऐसे ही पुस्तक प्रेमियों की दुनिया सामने आती है, जिनके घरों में किताबों का सिर्फ एक छोटा संग्रह नहीं, बल्कि हजारों किताबों से सजी एक जीवंत लाइब्रेरी बसती है। हरिभूमि ने विश्व पुस्तक दिवस पर कुछ ऐसे ही लोगों को तलाशा, जिनके लिए हर किताब एक नई दुनिया का दरवाजा खोलती है। इन पुस्तक प्रेमियों में किसी के संग्रह में दुर्लभ साहित्यिक कृतियां हैं, तो किसी के पास इतिहास, कला, दर्शन, विज्ञान और आध्यात्म से जुड़ी अनगिनत पुस्तकें सुरक्षित हैं। कई पुस्तक प्रेमी वर्षों से देश-विदेश से किताबें जुटा रहे हैं और उन्हें अपनी सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं। इन पुस्तक प्रेमियों ने कहा कि किताबें केवल ज्ञान नहीं देतीं, बल्कि हमें संवेदनशील, कल्पनाशील और विचारशील बनाती हैं। हमारे घरों की अलमारियां सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि अनुभवों, विचारों और यादों से भरी हैं। हम लोग तो अपनी पुस्तकों पर तारीख, स्थान और उस समय की भावनां भी लिखते हैं, ताकि हर किताब जीवन का एक अध्याय बन जाए।

### आठ आना कीमत वाली पिता के कलेक्शन का ग़ज़ल संग्रह है खास




किताबों का अथाह कलेक्शन करने वाली हिंदी लेखिका संघ की पूर्व अध्यक्ष, संकलपर्णा समूह की अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने कहा कि मुझे बचपन से ही किताबें पढ़ने का और उन्हें संकलित करके रखने का शौक है, यही वजह है कि मेरे पास डेढ़ से दो हजार के बीच कहानी, उपन्यास, लघु कथाओं की पुस्तकों का अंबार है। जिसमें से मैंने 495 पुस्तकें हाल ही में मानस भवन को भी दी हैं। अनीता कहती हैं कि मेरे कलेक्शन में महिला साहित्यकारों का ज्यादा प्रभाव है, जिसमें मेहरुन्निसा परवेज, सूर्यबाला, मालती जोशी, उषा किरण खान की सैकड़ों पुस्तकें मौजूद हैं। वहीं कालजई पुस्तकों में चतुरसेन, हजारी प्रसाद द्विवेदी की अनेकों पुस्तक हैं। उन्होंने बताया कि मेरे पिता के पास शेरो-शायरी की एक बहुत पुरानी पुस्तक थी, जिसकी कीमत उस वक्त आठ आना होती थी, जिसमें पुरानी गजलें हैं। हाल ही में विजय दान देथा के सुपुत्र महेंद्र ने अपने पिता की 14 वॉल्यूम 'बातों की बगिया' का संकलन भी मुझे भेजा। मेरे पास पुस्तकों का कलेक्शन आता है, तो यूं कह सकते हैं कि पुस्तकों के बिना मेरा जीवन या मेरा दिन अधूरा है।

### दुष्यंत कुमार से लेकर बशीर बद्र तक सभी मेरे कलेक्शन में



साहित्यकार मनीष श्रीवास्तव 'बादल' ने कहा कि मेरे पास अलग-अलग भाषाओं की करीब 700 से 800 पुस्तकें हैं, जिसके लिए मैंने अलग से बुक शेल्फ बनाया है। क्योंकि मैं पद्य में काम करता हूं तो मेरी इन पुस्तकों में पद्य विद्या का अंबार है, साथ ही गजल हमेशा से फेवरेट रही है। खासकर मेरे गुरु जहीर कुरैशी की तो प्रत्येक पुस्तक कलेक्शन का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि पुस्तक कलेशन का शौक मेरी बिटिया और पत्नी को भी है तो उनकी पसंदीदा पुस्तकें भी इस कलेक्शन का भाग हैं, जिसमें बिटिया की फेवरेट इंग्लिश नॉवेल और धर्मपत्नी की पसंदीदा पुस्तकें अच्छे से संभालकर रखी हैं। मनीष कहते हैं कि मेरे पास हरिवंश राय बच्चन-मधुशाला, दुष्यंत कुमार - साये में धूप, अटल बिहारी वाजपेयी - मेरी इक्यावन कविताएं, मुंशी प्रेमचंद - मानसरोवार एवं बशीर बद्र की तमाम पुस्तकें एवं अन्य कहानी की पुस्तकें एवं उपन्यास मौजूद हैं।



### दो हजार से ज्यादा पुस्तकें मेरे कलेक्शन का हिस्सा...

वरिष्ठ साहित्यकार एवं महासचिव लघुकथा शोध केंद्र समिति घनश्याम मैथिल 'अमृत' कहते हैं कि मुझे ऐसा लगता है कि मैंने जितनी किताबें खरीदी नहीं हैं, उससे कहीं गुना ज्यादा मुझे साहित्य अकादमी की तरफ से मिल जाती हैं। मेरी खरीदी हुई किताबों में पंचतंत्र, हितोपदेश, गोदान, गबन, क्या बोलूं क्या याद करूं जैसी पुस्तकों सहित करीब दो हजार से ज्यादा पुस्तकें हैं। फिर इसमें मिक्स कविता भी शामिल हैं, कहानी, उपन्यास भी शामिल हैं और अब जबसे मैं लघु कथा शोध केंद्र से जुड़ा हूं तो मेरे पास लघु कथाओं का भी अथाह अंबार है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है, हर वर्ग सोशल मीडिया में ही रच बस गया है, लेकिन ऐसा नहीं है, पुस्तकों का स्थान ज्यों का त्यों ही है, तभी आए दिन इतनी पुस्तकें आती हैं, लेखक लिखते हैं और उनमें भी कई बेस्ट सेलर में भी जाती हैं तो इससे यह पता चलता है की पुस्तकों का संसार अजर अमर रहेगा।

## पौराणिक कथाओं को नई पीढ़ी के अंदाज़ में लिख रहे निलेश

**जबलपुर।** भारतीय पौराणिक कथाओं को आधुनिक अंदाज़ में प्रस्तुत करने की कोशिशों के बीच लेखक निलेश पाठक का नाम तेजी से उभर रहा है। यूपी के जौनपुर में जन्मे और इंदौर में शिक्षित निलेश पेशे से ऑटोमोबाइल सेल्स ट्रेनर हैं। निलेश की पहली प्रमुख कृति 'भस्मांग पर्व' पूरा होने में तीन वर्ष लगे। वहीं पूरे आयुध माइथोवर्स की अवधारणा को आकार देने में करीब 8 वर्ष लगे। यह श्रृंखला पांच भागों में नियोजित है। श्रृंखला का अगला भाग आयुध– निगस पर्व जल्द आने की संभावना है।



# विकसित भारत के लिए कौशल, शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में निरंतर प्रयास जरूरी हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसेक्ट इंडिया द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 5वें समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2026 में एआई आधारित कौशल विकास, उद्यमिता और सामाजिक समावेशन पर व्यापक चर्चा हुई। रीइमेजिनिंग इम्पैक्टः एआई-ड्रिवन स्किलिंग, फाइनेंशियल इंक्लूजन एवं सोशल एंटरप्राइज फॉर विकसित भारत थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगू भाई पटेल मुख्य अतिथि रहे। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कौशल, शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने आईसेक्ट की 'कौशल रथ' जैसी पहलों की सराहना करते हुए कहा कि एआई आधारित तकनीकी शिक्षा युवाओं को नई दिशा दे रही है।

*एआई, कौशल और उद्यमिता पर केंद्रित रहा आईसेक्ट इंडिया का समर्थ भारत कॉन्क्लेव*





### एआई भविष्य की जरूरत, युवाओं को इसे तेजी से अपनाना होगा

रबींद्रनाथ टैगोर विवि और स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने एआई साक्षरता, डिजिटल शिक्षा और सामाजिक प्रभाव बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए। कॉन्क्लेव में विभिन्न संस्थाओं के बीच कई महत्वपूर्ण एमओयू भी हस्ताक्षरित हुए। विशेषज्ञों ने कहा कि एआई भविष्य की जरूरत है और इसे तेजी से अपनाना होगा। इस दौरान एआई, कौशल विकास और स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी कई रिपोर्टों और पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजन
# 'स्वच्छ तालाब–स्वस्थ भोपाल' में सैर सपाटा के पास सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व पृथ्वी दिवस पर टीम हर हेल्थ द्वारा सैर सपाटा ब्रिज के पास तालाब किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में डॉ. प्रिया भावे चित्तावार, डॉ सचिन चित्तावार सहित जागरूक नागरिकों ने भाग लेकर प्लास्टिक, कांच और अन्य कचरे को हटाया। टीम ने हरिहर वृक्ष के नीचे हर माह की 22 तारीख को नियमित सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया। डॉ. प्रिया ने कहा कि भोपाल के तालाबों की स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता का संदेश दिया।

### मानव संग्रहालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नृत्य नाटिका

# 'पृथ्वी लाखों वर्ष पुरानी' के संदेश के साथ बच्चों ने जगाई पर्यावरण चेतना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नृत्य नाटिका हमारी पृथ्वी का भावपूर्ण और प्रभावशाली मंचन किया गया। चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी द्वारा आयोजित इस प्रस्तुति ने कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में भोपाल के सेवन हिल्स स्कूल और अंकुर हायर सेकेंडरी स्कूल के करीब 50 बाल कलाकारों ने भाग लिया। दस दिवसीय कार्यशाला के बाद तैयार इस प्रस्तुति में बच्चों ने पहाड़, जंगल, नदी, वायु, जल, अग्नि और आकाश जैसे प्राकृतिक तत्वों को नृत्य और अभिनय के जरिए जीवंत कर दिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा, प्रभावी प्रकाश संयोजन और संगीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### पृथ्वी ने मानव को जीवन के लिए दिया सबकुछ

नृत्य नाटिका में यह संदेश उभरकर सामने आया कि पृथ्वी ने मानव को जीवन के लिए सबकुछ दिया है, लेकिन अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण ने उसके संतुलन को खतरे में डाल दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियां-पृथ्वी लाखों वर्ष पुरानी, जीवन एक अनन्त कहानी ने प्रस्तुति को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। युवा रंगकर्मी राहुल्य शर्मा के निर्देशन और सितारवादक स्मिता नागदेव के संगीत संयोजन ने प्रस्तुति को विशेष प्रभावशाली बनाया।



### कल्पना की रंगत से सजा स्वच्छ वातावरण, हरित पृथ्वी का संकल्प

**भोपाल।** आंचलिक विज्ञान केन्द्र में स्वच्छता पखवाड़ा (16 से 30 अप्रैल) के अंतर्गत बुधवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और विविध वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी बचाने के संदेश को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा 3 से 5 तथा 6 से 10 तक की दो श्रेणियों में किया गया। बच्चों ने रंगों और कल्पनाओं के जरिए स्वच्छ वातावरण, हरित पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से उकेरा। बच्चों की सृजनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता ने सभी को प्रभावित किया।

**ORIENTAL COLLEGE OF MANAGEMENT, BHOPAL**
Approved by AICTE New Delhi, Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
**FACULTY REQUIRED**
Applications are invited from eligible candidates for recruitment under College Code-28 for MBA Course to the following positions

| S.No | Designation | No. of Post | Subject/Specialization |
|---|---|---|---|
| 01 | Director | 01 | Business Analytics / Marketing / Finance / HR |
| 02 | Professors | 02 | |
| 03 | Associate Professors | 06 | |
| 04 | Assistant Professors | 18 | |

QUALIFICATION, EXPERIENCE & PAY AS PER AICTE NORMS
The number of vacancies is subject to change and the college reserves the full right in the matter. Interested candidates may apply in the prescribed application form (available on www.oistbpl.com/career.php) or post to our address within 10 days. HR Department OGI
Oriental Campus, Raisen Road, Bhopal (M.P.)-462022 | Ph.: 0755-2529026

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930